राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in

जमशेदपुर, मंगलवार 25 जून 2024 ● आषाढ़ शुक्ल पक्ष 03 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 77

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




## बरसाती बीमारियों को लेकर दावा मुकम्मल तैयारियों का हकीकत जरूरी दवाइयां उपलब्ध नहीं

# जमशेदपुर सदर अस्पताल में एंटी स्नैक वेनम और ब्लीचिंग पाउडर का स्टॉक खत्म

सुनील पांडेय। जमशेदपुर

बरसात के मौसम में सामान्य से लेकर गंभीर बीमारियों का खतरा बना रहता है. खासकर गंदगी, जल जमाव एवं मच्छरों के काटने से लोगों का स्वास्थ्य ज्यादा प्रभावित होता है. सर्प दंश की घटनाएं भी बारिश होने के बाद बढ़ जाती है. झारखंड में मानसून का प्रवेश हो गया है. कहीं-कहीं वर्षा भी हो रही है. लेकिन अब तक स्वास्थ्य विभाग की ओर से बरसात में होने वाली बीमारियों एवं बचाव को लेकर कोई एडवाइजरी जारी नहीं की गई है.

जिले के सिविल सर्जन डॉ. जुझार मांझी ने भी माना कि अब तक स्वास्थ्य विभाग की ओर से किसी तरह की एडवाइजरी नहीं आयी है. हालांकि अपने स्तर से वे मानसून को लेकर तैयारियां प्रारंभ कर चुके हैं.




**बरसात में होने वाली बीमारियां**
स्किन एलर्जी, डेंगू फीवर, मलेरिया, डायरिया, फ्लू इन्फेक्शन, गैस्ट्रोइंटाइटिस, टाइफाइड, हेपेटाइटिस ए और ई, डेंगू, चिकनगुनिया इत्यादि

जिले के स्वास्थ्य केंद्रों में जरूरी दवाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं. एएसबी (एंटी स्नैक बाइट) वेनम तथा कुआं के पानी की सफाई में इस्तेमाल होने वाले ब्लीचिंग पाउडर का स्टॉक खत्म है. जिसे मंगाने के लिए ऑर्डर भेज दिया गया है. अभी जमशेदपुर में बरसात शुरू होने में समय है तब तक विभाग सारी तैयारियां कर लेगा.


दूसरी तरफ जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में भी सभी तरह की जरूरी दवाईयां उपलब्ध नहीं है. हालांकि एमजीएम अस्पताल के उपाधीक्षक का कहना है कि ऑर्डर भेज दिया गया है जल्द ही जा जाएंगी. इस बीच स्वास्थ्य केंद्रों में नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जांच करने के लिए भारत सरकार की संस्था नेशनल हेल्थ सिस्टम रिसोर्स सेंटर की टीम शहर पहुंची. टीम ने जिले के सरजामदा एवं घाटशिला स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आम) का विजिट किया. टीम एक माह बाद अपनी रिपोर्ट देगी. जिसे एनक्यूएएस प्रमाण पत्र कहा जाता है. सिविल सर्जन को भरोसा है कि रिपोर्ट में दोनों आयुष्मान आरोग्य मंदिर पास हो जाएंगे.

### एमजीएम में सात दवाएं उपलब्ध नहीं

विभिन्न बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली सात जरूरी दवाओं का स्टॉक एमजीएम अस्पताल में खत्म हो गया है. जिसमें दर्द एवं बुखार की एसिक्लोफेनिक एवं पीसीएम (पारासिटामोल), सेफिक्जीम, विटामीन की बी कॉम्प्लेक्स, ड्रोटावेराइन, ओम्पेराजोल, एटोरवेस्टालिन, मल्टीविटामिन (शिरप) शामिल हैं.



*मानसून को लेकर तैयारियां प्रारंभ हैं, जरूरी दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं.*
**डॉ. जुझार मांझी, सिविल सर्जन, पूर्वी सिंहभूम**



*कुछ दवाएं उपलब्ध नहीं हैं. अन्य दवाओं का पर्याप्त स्टॉक है, खत्म हो चुकी दवाओं की आपूर्ति के लिए ऑर्डर भेजा गया है.*
**डॉ. नकुल चौधरी, उपाधीक्षक एमजीएम अस्पताल**

### मलेरिया का मास सर्वे शुरू

जिले में मलेरिया का प्रकोप कम करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से मलेरिया का मास सर्वे (फीवर) शुरू कर दिया गया है. विभाग अभी अनुसूचित जनजाति खासकर सबर-बिरहोर बहुल क्षेत्रों में कैंप लगाकर सर्वे कर रही है. जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ. ए मित्रा ने बताया कि इस कार्य में एनपीडब्ल्यू, एएनएम, सहिया को लगाया गया है. इस दौरान चिन्हित लोगों को दवा दी जा रही है, साथ ही उनकी नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है. जिनमें खून की कमी पायी जा रही है, उन्हें अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी जा रही है. उन्होंने लोगों से अपील की कि वे मलेरिया के जनक मच्छर को पनपने नहीं दें. जहां भी जल जमाव है उसे मिट्टी से भर दें. बरसात आने के बाद भी सर्वे निरंतर जारी रहेगा.

## ब्रीफ खबर

### बिरसानगर व एमजीएम में लूट के तीन आरोपी धराए

**जमशेदपुर** । बिरसानगर और एमजीएम थाना क्षेत्र में चाकू का भय दिखाकर लूट करने के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तार आरोपियों में हर्ष ओम शर्मा, राहुल कुमार यादव और अरुण कुमार महतो शामिल हैं. आरोपियों के पास से पुलिस ने दो हजार रुपये, पर्स और अन्य सामान बरामद किया है.

### समस्याओं के निराकरण के लिए दिया धरना

**चांडिल** । क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर सोमवार को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति ने कुकडू प्रखंड मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया. इस अवसर पर कुकड़ू के प्रखंड विकास पदाधिकारी को 16 सूत्री मांग पत्र सोपा गया. धरना प्रदर्शन को जेबीकेएसएस के कई नेताओं ने संबोधित किया.

### वर्कर्स कॉलेज में नशे के खिलाफ चलाया अभियान

**जमशेदपुर** । वर्कर्स कॉलेज में 'ड्रग एब्यूज अवेयरनेस कैंपेन, चलाया जा रहा है. कई कार्यक्रमों कि इस कड़ी में सोमवार को महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के द्वारा एक सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एलबीएसएम कॉलेज की प्रोफेसर प्रमिला किस्कू शामिल हुईं.

### मानगो में दुकान में घुसकर मोबाइल व रुपये की चोरी

**जमशेदपुर** । उलीडीह ओपी अंतर्गत पटेल नगर स्थित डोसा की दुकान में घुसकर पांच मोबाइल की चोरी कर ली गई. चोर पीछे के रास्ते से घुसकर छत पर सोए पांच लोगों को नशीला स्प्रे मारकर कर बेसुध कर पांच स्मार्टफोन चोरी कर ले गए. चोरों ने दुकान के कैश काउंटर को भी खंगाला जिसमें रखे हुए लगभग 400 से रु 500 लेकर भाग गए.

### कार्रवाई से नाखुश युवती एसएसपी कार्यालय पहुंची

**जमशेदपुर** । गोविंदपुर निवासी एक युवती ने परसुडीह यशोदा नगर निवासी अमरजीत शर्मा पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का एसटी/एससी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी. पुलिस की कार्रवाई से नाखुश होकर पीड़िता सोमवार को एसएसपी कार्यालय पहुंची और लिखित शिकायत की.

### बिष्टुपुर में मारपीट, जेब से रुपये निकाले, काउंटर केस

**जमशेदपुर** । बिष्टुपुर थाना अंतर्गत धतकीडीह मेन रोड में दो पक्षों में मारपीट हुई. दोनों पक्षों ने बिष्टुपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है. एक पक्ष से शकिल अहमद राजा ने एहतेशाम खान उर्फ राजू पर मारपीट कर धमकी देने और जेब से रुपये निकाल लेने जबकि राजू ने शकिल पर मारपीट करते हुए 9000 रुपये छिनने का आरोप लगाया है.

### जुगसलाई में मारपीट जांच में जुटी पुलिस

**जमशेदपुर** । जुगसलाई थाना अंतर्गत बलदेव बस्ती में विशाल कर्मकार के साथ मारपीट की गई. घटना रविवार सुबह की है. विशाल ने जुगसलाई थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है. प्राथमिकी में विशाल ने पीके, कार्तिक, राजु, स्टील, आकाश, आनंद और अन्य के खिलाफ रॉड से मारकर घायल करने का आरोप लगाया है.

### स्वर्गीय सुधीर महतो की 68वीं जयंती आज

**जमशेदपुर** । झारखंड सरकार के पुर्व उपमुख्यमंत्री स्वर्गीय सुधीर महतो की 68वीं जन्म जयंती 25 जून को मनायी जाएगी. जयंती समारोह का आयोजन कदमा उलियान स्थित शहीद निर्मल महतो स्टेडियम में किया गया है. जिसमें झामुमो के केंद्रीय, जिला व नगर के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहेंगे. इसके अलावे प्रखंड़ों से भी कार्यकर्ता आएंगे.

# रेल क्षेत्र की पंचायतों में विकास कार्यों पर रोक

## बागबेड़ा, परसुडीह और गोविंदपुर की 18 पंचायतें प्रभावित

मुख्य संवाददाता। जमशेदपुर

बागबेड़ा, परसुडीह और गोविंदपुर के रेल क्षेत्र में बसी आबादी पंचायत से लेकर विधानसभा और लोकसभा चुनाव में मतदान कर सकती है. जिला प्रशासन भी इन क्षेत्रों में रहने वाले मतदाताओं को फिर जलपान समय तो हर हाल में मतदान करने कॉर्पोरेट करने में कोई कसर नहीं छोड़ता. इन क्षेत्रों में बड़े-बड़े नेताओं की चुनावी सभा भी होती है, लेकिन जब विकास की बात आती है जिला प्रशासन इन पंचायत की ओर से मुंह फेरने लगता है. पहले तो ऐसा घोषित रूप से किया जाता था, लेकिन अब तो प्रखंड प्रशासन ने आदेश जारी कर दिया है.

जमशेदपुर प्रखंड की बीडीओ सुधा वर्मा ने बागबेड़ा, परसुडीह और गोविंदपुर के रेल क्षेत्र में बसी 18 पंचायतों में प्रखंड कार्यालय से विकास कार्य नहीं करने का फरमान जारी कर दिया है. इस फरमान में उन्होंने प्रखंड के जेई और एई को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है. कहा गया है कि रेल क्षेत्र के पंचायतों में विकास योजना का स्टीमेट नहीं बनाना है और किसी तरह का काम भी नहीं करना है.

सभी पंचायत सचिव जेई और एई को भी निर्देश दिया गया है कि सभी 18 पंचायतों में स्टीमेट बनाने के पहले जांच करेंगे कि रेल क्षेत्र में है या नहीं. अगर रेल क्षेत्र में पड़ता है तो वहां पर कार्य नहीं करना है. इसके बाद ही स्टीमेट बनाना सुनिश्चित करना है.

बीडीओ सुधा वर्मा से इस संबंध में पूछने पर उन्होंने कहा कि यह मामला उपायुक्त के संज्ञान में दे दिया गया है. वहीं दूसरी ओर संबंधित पंचायतों में विकास कार्य को लेकर रेलवे प्रशासन ने आपत्ति दर्ज कराई है. इस वजह से इन पंचायतों में विकास कार्य को रोक दिए जाने का फैसला लिया गया है. रेलवे से अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) जब तक नहीं मिलेगा तब तक रेल क्षेत्र में बसी 18 पंचायत में विकास कार्य पर रोक रहेगी. इस मसले पर उपायुक्त के आदेश का भी इंतजार है. इस मामले में डीसी अनन्य मित्तल से बात करने की कोशिश की गई, लेकिन बात नहीं हो सकी.




### इन पंचायतों में नहीं होगा विकास कार्य

उत्तर बागबेड़ा, मध्य बागबेड़ा, बागबेड़ा कॉलोनी, पूर्वी बागबेड़ा, उत्तर पूर्वी बागबेड़ा, उत्तरी कीताडीह, दक्षिण सुसनीगड़िया, पश्चिम कालीमाटी, दक्षिण कालीमाटी, उत्तरी कालीमाटी, पूर्वी कालीमाटी, दक्षिण छोटा गोविंदपुर, खकरीपाड़ा, उत्तर पश्चिम गदड़ा, उत्तर पूर्वी गदड़ा और मध्य गदड़ा पंचायतों में प्रखंड कार्यालय से कोई विकास कार्य नहीं होगा.

### उपायुक्त और रेलवे से बात करूंगा : सांसद



सांसद विद्युत वरण महतो ने कहां कि फिलहाल उन्हें इस संबंध में जानकारी नहीं है. वे लोकसभा के सत्र में शामिल होने के लिए दिल्ली में हैं. विकास कार्यों को रोका जाना सर्वथा अनुचित है. दिल्ली से लौटकर वह उपायुक्त एवं रेलवे प्रशासन के अधिकारियों से भी बात करेंगे.

# सिदगोड़ा सूर्य मंदिर कमिटी ने विधायक निधि से हो रहा काम बंद कराया, हंगामा

## दंडाधिकारी-पुलिसकर्मी और जेएनएसी की टीम बैरंग लौटी

वरीय संवाददाता । जमशेदपुर

जमशेदपुर के सिदगोड़ा सूर्य मंदिर परिसर स्थित शंख मैदान में सरयू राय की विधायक निधि से हो रहे सौंदर्यीकरण समेत अन्य कामों को सोमवार को सूर्य मंदिर कमिटी ने बंद करा दिया. यहां तक की सामग्री लेकर जा रही गाड़ी को अंदर घुसने नहीं दिया. इसके कारण वहां कुछ समय के लिए हंगामे की स्थिति उत्पन्न हो गई. विवाद बढ़ता देख सामग्री लेकर जा रहे मिस्त्री-कारीगर एवं मौजूद दंडाधिकारी बैरंग लौट गए. जानकारी के अनुसार सोमवार को जमशेदपुर अक्षेस की टीम मजिस्ट्रेट और पुलिस फोर्स की मौजूदगी में काम करने पहुंची. टीम अपने साथ वाहन में सौंदर्यीकरण से जुड़ी सामग्री लेकर पहुंची थी. यह देखकर मंदिर कमिटी के संरक्षक सह आजसू नेता चंद्रगुप्त सिंह, भाजपा नेता सह मंदिर कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, पवन अग्रवाल, खादी बोर्ड के पूर्व सदस्य कुलवंत सिंह बंटी, भाजपा के पूर्व अध्यक्ष दिनेश कुमार, पूर्व अध्यक्ष गुंजन यादव समेत अन्य ने विरोध किया तथा प्रवेश द्वार को बंद कर दिया. इस दौरान कुछ सदस्य वहां धरना पर भी बैठ गए. काफी देर तक गेट नहीं खुलने के बाद जमशेदपुर अक्षेस की टीम को वहां से लौटना पड़ा.



सूर्य मंदिर कमिटी के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह ने कहा कि सूर्य मंदिर परिसर में काफी जगह है. जहां विधायक निधि अथवा अन्य निधि से काम हो सकता है. मंदिर परिसर में आए दिन धार्मिक आयोजन होता रहता है. वहां यज्ञ-हवन चल रहा है. उसी दौरान कुछ लोग जबरन प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे. उनका विरोध किया गया.

सिदगोड़ा सूर्य मंदिर कमिटी के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि मंदिर परिसर में यज्ञ व हवन चल रहा है. जो अगले 11 दिनों तक चलेगा. इस दौरान इसमें किसी को खलल डालने नहीं दिया जाएगा.

*सूर्य मंदिर परिसर में विधायक सरयू राय की निधि से सरकारी काम हो रहा है. उनके द्वारा विवाद की स्थिति को देखते हुए दंडाधिकारी एवं क्यूआरटी मांगी गई थी. इसके बाद अनुमंडल प्रशासन ने मंदिर परिसर में चार दंडाधिकारी एवं क्यूआरटी उपलब्ध कराया था. सोमवार को विवाद होने की जानकारी मिली है. इस संबंध में दंडाधिकारी से रिपोर्ट मांगी गई है.*
**पारूल सिंह, अनुमंडलाधिकारी (धालभूम)**

### जिला प्रशासन स्थिति स्पष्ट करे : सरयू



**जिला प्रशासन** स्थिति स्पष्ट करें कि वह शंख मैदान और समीपवर्ती करीब 6 एकड़ सरकारी जमीन को तथाकथित सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह और संरक्षक चन्द्रगुप्त सिंह के चंगुल में जाने से रोकना चाहता है या नहीं? यह भूखंड सरकारी है. इसपर बनी संरचनाएं सरकारी पैसे से बनी हैं. ये दोनों सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करना चाहते हैं. इस सरकारी जमीन पर मेरे विधायक निधि से होने वाले विकास कार्यों से ये दोनों परेशान हैं और धार्मिक रंग देकर एक साल से सरकारी काम में बाधा डाल रहे हैं. एक साल से ये झूठ फैला रहे हैं कि मैं सूर्य मंदिर की धार्मिक आस्था पर चोट कर रहा हूं पर प्रशासन ने कभी भी इस झूठ-फ़रेब का खंडन नहीं किया. मेरी विधायक निधि से इस भूखंड पर प्रस्तावित विकास योजनाओं को जिला प्रशासन ने स्वीकृत किया है. प्रशासन अपना दायित्व पूरा नहीं करेगा तो उपद्रवी तत्वों और तिकडमबाजों का हौसला बुलंद होगा.

### एसबीआई मैनेजर से 6.50 लाख लूटने वाले को 10 साल की सजा

**चाईबासा** । न्यायालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश चाईबासा की अदालत ने सोमवार को अभियुक्त गुलशन बिरुली को धारा-395/412 भदवि में 10 साल की कठोर करावास एवं 10 हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है. मालूम हो कि नोवामुंडी थाना कांड सं0-58/2010 के तहत 7 अगस्त 2010 को धारा-395/412 भादवि के अन्तर्गत थाना मंझारी तांतनगर ओपी के लोवायांगी गांव निवासी अभियुक्त गुलशन बिरुली के विरुद्ध 6.50 लाख रुपए लूटने का मामला दर्ज किया गया था.

मामले के अनुसार नोवामुंडी में भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के मैनेजर एटीएम में पैसा डालने के लिए दोपहर करीब 15.20 बजे कपडे के झोला में 6.50 लाख रुपए लेकर पहुंचे. उसी समय गुलशन बिरुली पिस्तौल ताने हुए आया और बैंक मैनेजर से झोला लूट कर यामहा मोटर साइकिल से भाग गया. अनुसंधान के क्रम में चाईबासा पुलिस ने अभियुक्त गुलशन बिरुली को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था.

पुलिस ने सभी साक्ष्यों को वैज्ञानिक तरीके से संग्रह करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित किया. उसके आधार पर उक्त कांड का विचारण के क्रम में जज ने सजा सुनाई.

### मुख्यमंत्री ने घाटशिला के लोगों को दिया झूठा आश्वासन : लक्ष्मण टुडू

संवाददाता । घाटशिला

मुख्यमंत्री ने घाटशिला की जनता की अपेक्षा के अनुरूप कोई भी ऐसी बात नहीं कही. सिर्फ इतना ही झूठा आश्वासन दिया कि आईसीसी कंपनी तथा बंद पड़ी माइंस को खुलवाने के लिए केंद्र सरकार से पत्राचार करेंगे. क्या सीएम ने साढ़े चार वर्ष माइंस खुलवाने के लिए कोई काम नहीं किया जो अब करने की बात कह रहे हैं. उक्त बातें सोमवार को प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू ने घाटशिला के एक होटल में कहीं.

उन्होंने कहा कि सीएम इतना बड़ा झूठ जनता को बोलकर गए कि केंद्र सरकार ने वन अधिकार अधिनियम को स्थगित कर दिया है, जबकि कल खुद मऊभंडार में परिसंपत्तियों का वितरण करने के दौरान अपने हाथों से वन पट्टा का वितरण किया.

### लूट और महिला की मौत मामले में दो दोषी करार

**जमशेदपुर** । सोनारी थाना अंतर्गत मरीन ड्राइव में बाइक सवार दंपती से लूट और हत्या के मामले में आरोपी अजहर इमाम और मो. आसिफ को कोर्ट ने दोषी पाया है. मामले की सुनवाई करते हुए एडीजे 3 निशांत कुमार ने दोनों को दोषी करार दिया है. कोर्ट 29 जून को सजा के बिंदू पर सुनवाई करेगी. मामले को लेकर अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक राजीव कुमार ने बहस की थी. राजीव कुमार ने बताया कि मामले में कुल 8 गवाही हुई थी. कोर्ट ने आईपीसी की धारा 393 और 304 के तहत दोनों दो दोषी पाया है. घटना 12 अगस्त 2016 की है.

## पुलिस ने तीन आरोपियों को भेजा जेल

संवाददाता । जमशेदपुर

**जुगसलाई फायरिंग मामला**



जुगसलाई थाना अंतर्गत बलदेव बस्ती में रविवार की सुबह हुई फायरिंग मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तार आरोपियों में सीतारामडेरा थाना क्षेत्र के ह्यूम पाइप बस्ती निवासी संजय भुइयां, अमन मंडल और बलदेव बस्ती निवासी प्रह्लाद शामिल है. पुलिस ने मौके से एक देसी पिस्टल, एक खोखा और बाइक भी बरामद किया है.

सोमवार को मामले का खुलासा करते हुए सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि प्रह्लाद और करण के बीच पैसों को लेकर विवाद चल रहा था. इसी बात को लेकर रविवार को जब करण पानी भर रहा था तभी प्रह्लाद करण को अपने घर ले गया.

वहां पहले से ही प्रह्लाद के दो साथी मौजूद थे. वहां प्रह्लाद और करण के साथ विवाद हुआ. इसके बाद करण को गोली मार दी गई. घटना के बाद सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है. इस मामले में करण की मां के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है.

इधर, करण की भी स्थिति गंभीर बनी हुई है. टीएमएच के सीसीयू वार्ड में उसका इलाज चल रहा है. बता दें कि रविवार सुबह करण अपने घर के लिए पानी भर रहा था. सुबह प्रह्लाद उसे बुलाकर अपने घर ले गया, जहां विवाद के बाद करण पर गोली चला दी. गोली करण के सिर में लगी. स्थानीय लोगों ने हमलावरों को पकड़कर पिटाई कर दी और पुलिस को सौंप दिया.

**कवायद** विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटा जिला प्रशासन, बैठक

# आज से चलेगा मतदाता सूची में नये वोटर जोड़ने का अभियान

वरीय संवाददाता । जमशेदपुर

लोकसभा चुनाव इसी माह संपन्न हुआ.विधानसभा चुनाव भी इसी वर्ष होना है. इसे देखते हुए पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गया. जिले के सभी 6 विधानसभा क्षेत्र के एआरओ एवं संबंधित एईआरओ ने अपने-अपने क्षेत्र के राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, बीएलओ सुपरवाइजर एवं बीएलओ के साथ अलग-अलग बैठक कर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी.

बताया गया कि 25 जून से 24 जुलाई तक जिले में मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जाएगा. इसके लिए 01 जुलाई 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूची का विशेष संक्षित पुनरीक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है. पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे एवं छूटे हुए मतदाताओं का पंजीकरण, ईपीक का सत्यापन, ब्लैक एंड व्हाइट इमेज वाले कार्ड की पहचान करेंगे. घर-घर सत्यापन कार्य के दौरान 01 जुलाई 2024 को 18 साल की आयु पूर्ण करने वाले मतदाता को मतदाता सूची में नामांकित करना (फॉर्म-6), गैर हाजिर रहे वाले, दूसरी जगह स्थानांतरित हो चुके एवं मृत मतदाताओं का फॉर्म -7 भरना आदि कार्य किया जाना है. साथ ही 1500 से अधिक मतदाताओं वाले मतदान केंद्र को चिन्हित करने के अलावा मतदान जो केंद्र जर्जर हो गया है तो उसके लिए सुविधायुक्त स्थल का चयन करने से जुड़ा प्रस्ताव भी वरीय अधिकारी को देंगे. बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से विशेष सहयोग की अपील की गई.



### मतदाता सूची में ऐसे दर्ज कराएं अपना नाम

मतदाता सूची में कोई भी मतदाता अपना नाम ऑफलाइन एवं ऑनलाइन तरीके से दर्ज करा सकता है. ऑफलाइन के लिए मतदाता को प्रपत्र-6 भरना होता है. साथ में एक रंगीन फोटो, उम्र एवं स्थानीय पता से जुड़ा दस्तावेज समर्पित करना होता है. ऑनलाइन के लिए 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के मतदाता भारत निर्वाचन आयोग की राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल पर जरूरी दस्तावेज अपलोड कर अपना नाम दर्ज करा सकते हैं.

### महिला से चेन छिनतई में सोनार समेत दो धराए

**जमशेदपुर** । गोविंदपुर थाना अंतर्गत घोड़ाबांदा में वृद्धा से चेन छिनतई के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में छिनतई करने वाला बिरसानगर जोन नंबर 5 निवासी रोहित कुमार मुर्मू और सोने की चेन खरीदने वाला टेल्को कॉलोनी निवासी विकास कुमार उर्फ मंटू शामिल है. पुलिस ने आरोपी रोहित के पास से घटना में प्रयुक्त बुलेट और विकास से पास से 19.5 ग्राम गला हुआ सोना बरामद किया है. सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि अपने घर जा रही महिला के साथ गोविंदपुर में बुलेट सवार दो बदमाशों ने चेन की छिनतई की थी. इस घटना में महिला बाइक से गिरकर घायल भी हुई थी.

▼ ब्रीफ खबरें

## खेत में अनियंत्रित होकर पलटा गिट्टी लदा हाइवा

**डुमरिया ।** थाना क्षेत्र के दुबलाबेड़ा में गिट्टी लदा हाइवा पलट गया. घटना सोमवार दोपहर की है. ग्रामीणों के मुताबिक चालक काफी तेज गति के साथ हाइवा चला रहा था. जिसके कारण अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गया. हाइवा के चालक को आंशिक चोट पहुंची है. हाइवा में ओड़िशा का नंबर प्लेट लगा है. दो दिन पूर्व भी थाना क्षेत्र के सेरालडीह में एक तेज गति हाइवा पेड़ से टकराया था. विदित हो कि सड़क निर्माण में लगे हाइवा खतरनाक गति के साथ सड़क पर चलते हैं. जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है.

## अस्पताल जा रही महिला से मोबाइल फोन छीना

**आदित्यपुर ।** थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह करीब 10 बजे भाटिया बस्ती निवासी नमिता गोप नामक महिला से आकाशवाणी चौक से हरिओम नगर जाने वाले मुख्य सड़क पर बाइक सवार 3 युवकों ने झपट्टा मारकर सैमसंग का स्मार्ट फोन छीन लिया. मोबाइल की कीमत करीब 25 हजार है. महिला नमिता गोप ने आदित्यपुर थाना में लिखित शिकायत की है और छिनतई करने वाले बाइक सवार का नम्बर भी बताया है. बाइक नंबर जेएच 05 सीबी 6281 है. पुलिस बाइक नंबर के आधार पर उचक्कों की धर पकड़ में जुट गई है.

## रेल एरिया मैनेजर से जनहित के कार्य की मांग

**आदित्यपुर ।** टाटानगर के रेल एरिया मैनेजर को जन कल्याण मोर्चा अध्यक्ष ओम प्रकाश और टीएमसी जिलाध्यक्ष बाबू तांती ने सोमवार को संयुक्त रूप से ज्ञापन सौंपा है. ज्ञापन में आदित्यपुर में जनहित का कार्य करने की मांग की गई है. रेलवे टनल से रेलवे फाटक को जोड़ने वाली पहुंच पथ की मरम्मत करने, थर्ड लाइन पर डाले जा रहे पत्थर गिट्टी से मार्ग को हो रहे नुकसान से बचाया जाए, रेलवे टनल के अंदर प्रकाश की व्यवस्था पूर्व की भांति करने और मार्ग संख्या 32 के मैदान को एक खेल के मैदान के रूप में विकसित करने की मांग की है.

## दिव्यांग व बुजुर्गों का पेंशन शुरू करने को सौंपा ज्ञापन

**आदित्यपुर ।** नगर निगम क्षेत्र के दिव्यांग और बुजुर्गों का छह माह से लंबित सभी प्रकार का पेंशन शुरू करने के लिए पूर्व पार्षद नीतू शर्मा ने अंचलाधिकारी गम्हरिया कौशल किशोर को ज्ञापन सौंपा है. सोमवार को अंचलाधिकारी से मिलकर पार्षद ने उन्हें बताया कि पिछले छह माह से अंचल कार्यालय में सभी प्रकार के पेंशन संबंधी कार्य धीमी गति से चल रहे हैं. अतः इस कार्य में तेजी लाते हुए पेंशन से वंचित दिव्यांग और बुजुर्गों को पेंशन की सुविधा बहाल कर उन्हें लाभ पहुंचाएं.

## श्रद्धालुओं के बीच किया चना-गुड़ का वितरण

**जमशेदपुर ।** मानगो से सटे भिलाई पहाड़ी में पहाड़ी देवी तेतुल घोरा पूजा के मौके पर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने आम लोगों के बीच चना, गुड़, शर्बत एवं हलवा का वितरण किया. पूजा के मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालु जुटे थे. पूर्व पार्षद पिंटू दत्ता के नेतृत्व में श्रद्धालुओं के लिए शिविर लगाया गया. मौके पर मानगो झामुमो समिति के सह सचिव फैयाज़ अहमद खान, प्रभात सिंह, उज्वल दास, कन्हैया रजक, शमीम समेत अन्य उपस्थित थे.


## एसडीओ ने की राजनीतिक दलों के साथ बैठक

**घाटशिला ।** घाटशिला अनुमंडल कार्यालय में सोमवार को निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 45 घाटशिला (अजजा) विधानसभा क्षेत्र-सह-अनुमंडल पदाधिकारी सच्चिदानंद महतो की अध्यक्षता में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक की गई. बैठक के दौरान एसडीओ ने विभिन्न राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को बताया कि द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 से संबंधित बैठक है. एक जुलाई 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए छूटे हुए योग्य नागरिकों का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए मदद करने की अपील की. बैठक में झामुमो नेता जगदीश भकत, सीपीआई के भुवनेश्वर तिवारी, कांग्रेस नेता कॉल्टु चक्रवर्ती, सत्यजीत सीट सहित अन्य उपस्थित थे.

एनजीटी ने बालू खनन पर पांच महीने तक लगा दी है रोक, कई उद्योगों में कामकाज ठप, मजदूर परेशान

# बालू-गिट्टी की कमी, 250 कंक्रीट प्रोडक्शन उद्योगों पर पड़ा असर

- 25 हजार कामगारों के समक्ष रोजगार की समस्या
- सरकार की औद्योगिक पॉलिसी पर उठाए सवाल



**संवाददाता । आदित्यपुर**

जिले के बालू घाटों की बंदोबस्ती नहीं होने और जून से अक्टूबर तक बालू खनन पर एनजीटी के निर्देश पर रोक लगने से भवन निर्माण समेत सभी प्रकार के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं. इसका दुष्प्रभाव आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र के साथ कोल्हान के तीनों जिले के करीब 250 कंक्रीट प्रोडक्शन उद्योगों पर भी पड़ रहा है. बालू-गिट्टी की कमी से कई उद्योगों में काम ठप हो गए हैं. करीब 250 कंक्रीट प्रोडक्शन उद्योग के कामकाज प्रभावित होने से करीब 25 हजार कामगारों के रोजगार भी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हो रहे हैं.

कंक्रीट उद्योगों के बिगड़ रहे हालात पर उद्यमियों ने सरकार की औद्योगिक पॉलिसी पर सवाल उठा रहे हैं. सरकार ठोस कदम नहीं उठा रही : उद्यमी समीर सिंह और उत्तम चौधरी ने बताया कि बालू और गिट्टी नहीं मिलने से कंक्रीट प्रोडक्शन उद्योगों में कामकाज बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं और सरकार अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठा रही हैं. यह चिंतनीय है. उद्यमी समीर सिंह ने बताया कि आज पेवर्स ब्लॉक, ह्यूम पाइप, कंक्रीट बाउंड्री वॉल, ड्रेन कवर आदि बनाने वाले उद्योग बंदी के कगार पर हैं. सरकार और नगर निगम की लगभग योजनाएं इन्हीं उद्योगों के प्रोडक्शन पर निर्भर हैं, जो आज प्रभावित हुई हैं. उन्होंने कहा कि इसके अलावा बालू और गिट्टी की अनुपलब्धता से रियल स्टेट, सरकार के पुल-पुलियों, कंक्रीट सड़कें, कैनाल निर्माण आदि समेत अनेक आवश्यक निर्माण कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं.

### सरकार की नीति उद्यमियों के लिए परेशानी

उद्यमियों ने कहा कि सरकार ने इस कमी को दूर करने के लिए जो एप बनाकर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने और रजिस्ट्रेशन के तहत बालू उपलब्ध कराने की नीति बनाई है वह सारे उद्यमियों के वश की बात नहीं है. इसके तहत रांची जाकर रजिस्ट्रेशन कराना और फिर ऑनलाइन डिमांड करना उद्यमियों के लिए परेशानी का सबब है. इसके अलावा पश्चिम बंगाल या ओडिशा से बालू मंगवाने पर उसका जो दर पड़ता है वो काफी महंगी होती है. इसके सहारे उद्योग चलाना नामुमकिन है. उद्यमियों ने इस विकट समस्या से जूझ रहे लघु व मंझोले उद्योगों को बचाने के लिए झारखंड के मुख्यमंत्री को पत्र भी भेजा है. साथ ही एक प्रतिनिधिमंडल उनसे मिलकर उद्यमियों की समस्याओं से अवगत कराने का निर्णय भी लिया है.

घाटशिला, मऊभंडार में दो शराब दुकान का ताला तोड़ा

# महंगी शराब की बोतलें और 4.45 लाख की चोरी

**कर्मचारियों का मोबाइल जब्त कर पुलिस कर रही है जांच**
**कैश रखने वाले लॉकर को ही उखाड़ कर ले गए चोर**





**संवाददाता । घाटशिला**

थाना क्षेत्र के गोपालपुर स्थित पुराना रेलवे फाटक के समीप एवं मऊभंडार ओपी क्षेत्र के मुख्य बाजार स्थित अंग्रेजी शराब दुकान से रविवार की देर रात चोरों ने 4.45 लाख कैश समेत कीमती शराब की दर्जनों बोतलों की चोरी कर ली. मामले की जानकारी तब मिली जब सुबह लोगों ने दुकान का ताला टूटा देखा. शराब दुकान में काम करने वाले सभी कर्मचारी पहुंचे और मामले की जानकारी पुलिस को दी. घाटशिला पुलिस ने मौका-ए-वारदात पर पहुंच कर देखा कि शराब बिक्री के पैसे जिस लॉकर में रखे जाते हैं चोर उस लॉकर को ही उखाड़ कर ले गए. लेकिन यह पता नहीं चल पाया कि कितनी पेटी शराब की बोतल लेकर चोर गया है. मऊभंडार में भी यही हाल है.

बताया जाता है कि घाटशिला की शराब दुकान में दो दिन की बिक्री के करीब 3 लाख 10 हजार एवं मऊभंडार की शराब दुकान में एक लाख 35 हजार नगद जो लॉकर में रखा था उसे लेकर चोर चले गए. पुलिस मामले की गंभीरता को लेकर आसपास की सीसीटीवी फुटेज कंगाल रही है ताकि चोरी के कुछ सुराग का पता चल सके. फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है. सूचना मिलने पर एसडीपीओ अजीत कुमार कुजूर एवं थाना प्रभारी मधुसूदन दे ने शराब दुकान पहुंच कर दुकान में काम करने वाले कर्मचारियों से घटना की जानकारी ली. हालांकि घटना को लेकर पुलिस अभी कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं है. वह मामले को लेकर जांच में जुटी है.

मऊभंडार स्थित शराब दुकान से मऊभंडार टीओपी एवं एसडीपीओ आवास महज एक किलोमीटर भी दूर नहीं है. चोरों ने साहस का परिचय देते हुए इस तरह की घटना को अंजाम दिया. पुलिस का कहना है कि इस घटना को कर्मचारियों की मिलीभगत होने की बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता है. पुलिस सभी कर्मचारियों का मोबाइल फोन जब्त कर जांच कर रही है.

# महिला विवि के एंटी ड्रग्स स्क्वायड ने निकाली रैली



**मुख्य संवाददाता । जमशेदपुर**

जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के एंटी ड्रग्स स्क्वायड की ओर से संचालित नशा उन्मूलन सप्ताह के पांचवें दिन छात्राओं ने अपने पास पड़ोस में जागरुकता फैलाई. छठे दिन सोमवार को विश्वविद्यालय प्रांगण से एक जागरुकता रैली निकाली गई. इसमें विभिन्न संकायों की अनेक छात्राएं शामिल हुईं. इसके पश्चात क्विज एवं सामूहिक परिचर्चा हुई. क्विज में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया. सामूहिक परिचर्चा के माध्यम से छात्राओं और शिक्षिकाओं ने नशा उन्मूलन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की. इसमें नशा मुक्त भारत के लिए हमारी जिम्मेदारी, नशा रोकथाम के उपाय आदि शामिल हैं.

इस आयोजन में स्क्वायड की नोडल ऑफिसर डीएसडब्ल्यू डॉ किश्वर आरा, एनएसएस को-ऑर्डिनेटर डॉ ग्लोरिया पूर्ति, बीएड को-ऑर्डिनेटर डॉ कामिनी कुमारी, आईक्यूएसी डायरेक्टर डॉ रत्ना मित्रा की सराहनीय भूमिका रही.

# कपाली में स्वर्णरेखा नदी में डूबने से कदमा के युवक की मौत

**जमशेदपुर ।** सरायकेला-खरसावां जिले के कपाली ओपी अंतर्गत स्वर्णरखा नदी के गौरी घाट में नहाने के क्रम में कदमा भाटिया बस्ती निवासी 26 वर्षीय युवक सुमित दास की डूबने से मौत हो गई. सुमित रविवार की शाम अपने दो दोस्तों के साथ कपाली घाट पहुंचा था. यहां घाट के किनारे सभी ने शराब पी और फिर नदी में नहाने के लिए उतरा. नहाने के क्रम में सुमित गहरे पानी में डूब गया. साथियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद स्थानीय गोताखोरों की मदद से सुमित की तलाश शुरू की गई, पर सुमित का कोई पता नहीं चल पाया. इधर, सोमवार सुबह गोताखोरों ने सुमित का शव खोज निकाला. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. बता दें कि कपाली क्षेत्र में डूबने से मौत के कई मामले सामने आ रहे हैं. बीते दिनों ही कपाली के डोंगा घाट में डूबने से मानगो के एक नाबालिग की मौत हो गई थी.

# घाटशिला कॉलेज में नशा मुक्ति पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित



**संवाददाता । घाटशिला**

घाटशिला कॉलेज में चल रहे आठ दिवसीय नशा मुक्ति अभियान के छठे दिन सोमवार को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. निबंध का विषय ‘नशा मुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका’ रखा गया. निबंध प्रतियोगिता में कॉलेज के 364 छात्रों ने हिस्सा लिया. यह प्रतियोगिता सभी विभागों में आयोजित की गई. जहां छात्र-छात्राओं ने निर्धारित विषय पर 200 से 500 शब्दों तक में निबंध लिखा.

निबंध प्रतियोगिता में शामिल सभी विभागों से प्राप्त निबंध की जांच निर्णायक मंडली द्वारा की गई. इसमें इतिहास विभाग की छात्रा ज्योति दोलाई के निबंध को प्रथम स्थान दिया गया. जबकि जंतु विज्ञान के आशीष राय द्वितीय एवं भौतिकी की छात्रा उमारानी गोराई को तृतीय स्थान मिला. वहीं बांग्ला की पल्लवी महतो एवं संताली की जोबा सोरेन के निबंध को प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए चयनित किया गया. इस प्रतियोगिता के आयोजन में डॉ पीके गुप्ता, डॉ एस के सिंह, प्रो इंदल पासवान, डॉ डीसी राम, डॉ एसपी सिंह, डॉ संदीप चंद्र, प्रो महेश्वर प्रमाणिक, डा कुमार विशाल, प्रो सोमा सिंह, प्रो अर्चना सुरीन, डॉ कन्हाई बारिक, डॉ कंचन सिंहा, चिरंतन महतो, शंकर महाली का अहम योगदान रहा.

# संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर के टॉपरों को मिला अचीवर्स अवॉर्ड

**संवाददाता । घाटशिला**




संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर के मल्टीमीडिया में वार्षिक परीक्षा के टॉपर विद्यार्थियों व विजेताओं को उनके अभिभावकों के सामने सोमवार को सम्मानित करने के लिए अचीवर्स पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि घाटशिला थाना प्रभारी मधुसूदन दे को फलों की टोकरी प्रदान कर की गई. तत्पश्चात विद्यार्थियों ने सुमधुर स्वागत गीत एवं गणेश वंदना की प्रस्तुति दी. विद्यालय की प्राचार्य नीलकमल सिन्हा ने मुख्य अतिथि तथा उपस्थित अभिभावकों का स्वागत किया और विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी. विद्यालय प्रबंधक डॉ. प्रसेनजीत कर्मकार, शोभा गनेरीवाल बच्चों को बधाई दी. समारोह में सत्र 2023-24 की कक्षा छठी से आठवीं के 25 विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया. 25 विद्यार्थियों को शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए एवं 51 विद्यार्थियों को प्रत्येक विषय में 75 प्रतिशत अंक प्राप्त करने के लिए स्कॉलर घोषित किया गया. मुख्य अतिथि थाना प्रभारी घाटशिला मधुसूदन दे ने विद्यालय के वातावरण की प्रशंसा करते हुए विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से बच्चों को अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए तत्पर रहने, जीवन की विविध परिस्थितियों का डटकर व निडरता से सामना करने की सलाह दी. इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य राम गोपाल चोमाल, शिक्षक प्रभारी अनूप कुमार पटनायक, शैक्षणिक प्रभारी एसआर दत्ता एवं अनुशासन प्रभारी इंद्र कुमार राय भी उपस्थित थे.

**गड़बड़ी** पूर्व पंचायत सदस्य ने घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग की जानकारी डीसी को दी

# चावलीबासा स्वास्थ्य उपकेंद्र निर्माण में अनियमितता, जांच की मांग

**संवाददाता । चांडिल**

ग्रामीण विकास विभाग विशेष प्रमंडल की ओर से निर्माणाधीन एक स्वास्थ्य उपकेंद्र के निर्माण कार्य में व्यापक रूप से अनियमितता बरते जाने का मामला प्रकाश में आया है. चांडिल प्रखंड के चावलीबासा में 55.50 लाख रुपये की लागत से स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण कराया जा रहा है.

इस संबंध में चावलीबासा पंचायत के पंचायत समिति के पूर्व सदस्य गुरुचरण साव ने सरायकेला-खरसावां जिले के उपायुक्त को पत्र लिखकर निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है. गुरुचरण साव ने अपने पत्र में बताया कि अस्पताल भवन निर्माण का शुभारंभ इसी माह हुआ है. फिलहाल फाउंडेशन का कार्य चल रहा है. निर्माण कार्य देखने जाने पर घोर अनियमितता देखने को मिली. संवेदक द्वारा कार्यस्थल पर योजना से संबंधित कोई बोर्ड नहीं लगाया गया है, जिसमें योजना से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी लोगों को नहीं मिल पा रही है.


गुरुचरण साव ने पत्र में बताया है कि अस्पताल भवन निर्माण के कार्य में बांगला भट्ठा की घटिया ईंटा का इस्तेमाल किया जा रहा है. क्यूरिंग का कोई व्यवस्था नहीं है, मिट्टी पत्थर मिला हुआ निम्न स्तर का बालू इस्तेमाल किया जा रहा है. सीमेंट व छड़ भी काफी निम्न स्तर का लगाया जा रहा है. अस्पताल का निर्माण अगर गुणवत्ता पूर्ण नहीं किया गया तो यह भवन ज्यादा दिनों तक नहीं टिक पाएगा. उन्होंने बताया कि चावलीबासा में एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी है.

**भवन में इस्तेमाल की जाने वाली ईंट**



### केंद्र का भवन अब बन चुका खंडहर

ऐसे में अस्पताल अपने भवन में संचालित नहीं होता है. चावलीबासा पंचायत के अस्पताल पर आठ से दस पंचायत की जनता निर्भर रहती है. प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति दयनीय रहने के कारण मरीजों को यहां बेहतर स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिलता है. भवन बन जाने से टाटा-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 के किनारे अवस्थित रहने के कारण दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को भी तत्काल प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध हो पाएगा. फिलहाल दुर्घटना होने पर घायलों को चांडिल भेजा जाता है. उन्होंने उपायुक्त से इस मामले पर जल्द संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया है.



शिलान्यास बोर्ड

न्यूज अपडेट ▼

## बस स्टैंड प्रतीक्षालय जर्जर, शौचालय बना कूड़ेदान



**डुमरिया ।** बाजार मुख्य बस स्टैंड स्थित यात्री प्रतीक्षालय पूरी तरह से जर्जर हो गई है. जर्जर छत से बड़े-बड़े टुकड़े गिर रहे हैं. अनजाने में कोई यात्री इसकी चपेट में आकर घायल हो सकता है. प्रखंड में सबसे व्यस्त और व्यवसायिक केंद्र के रूप में डुमरिया बाजार जाना जाता है. प्रखंड की मुख्य सड़क भी डुमरिया होकर गुजरती है. प्रखंड के पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों का भी इस सड़क से प्रतिदिन आना-जाना लगा रहता है. इसके बावजूद बस स्टैंड स्थित प्रतीक्षालय और शौचालय पर किसी की नजर नही पड़ती है. बस स्टैंड स्थित शौचालय कूड़ेदान बन स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां उड़ा रही है. वर्तमान समय में जलमीनार खराब होने के कारण पेयजल समस्या से ग्रसित हो गया है.

## स्कूल का ताला तोड़कर जूता व फुटबॉल की चोरी



**जादूगोड़ा ।** राजदोहा उत्क्रमित उच्च विद्यालय का ताला व ग्रील तोड़कर चोरों ने रविवार रात एक जोड़ा जूता व एक फुटबॉल चोरी कर ली. 22 जून को स्कूल बंद के सभी शिक्षक घर चले गए. दो दिन बाद 24 जून को स्कूल खुला तो चोरी होने का पता चला. विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका मुकुल कुमारी ने इस बाबत जादूगोड़ा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है. जानकारी के अनुसार इस स्कूल में चोरी की यह दूसरी बार घटना है. क्षेत्र की मुखिया अनिता मुर्मु व स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिलीप टुडू ने पुलिस से इस मामले को गंभीरता से लेने व क्षेत्र में पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने की मांग की है. उन्होंने कहा कि इसके पूर्व चोरों ने छह साल पूर्व स्कूल का समरसेबल पंप की मोटर की चोरी कर ली थी.

## ग्रामीणों ने बंद पड़े नलकूप के सामने किया प्रदर्शन



**बहरागोड़ा।** प्रखंड क्षेत्र के साकारा पंचायत अंतर्गत शासन गांव के हरिजन टोला में बीते कई महीना से हरिजन टोला में अवस्थित दो चापाकल खराब हो चुका है. जिससे हरिजन टोला में निवास करने वाले करीबी 50 परिवार पेयजल संकट से जूझ रहे हैं. हरिजन टोला के लोग पेयजल के लिए खेत के अंदर सिंचाई के लिये प्रयुक्त नलकूप से अपनी प्यास बुझाने को मजबूर हैं. ग्रामीणों का कहना है कि पेयजल को लेकर हरिजन टोला के लोग कई बार लिखित रूप से जनप्रतिनिधि एवं संबंधित विभाग के अधिकारी को अवगत करा चुके हैं फिर भी कोई पहल नहीं होने से के कारण आज भी सिंचाई नलकूप के भरोसे अपने जीवन यापन कर रहे हैं.इस मौके पर कालसोना बेरा, बादल बेरा, बबलू बेरा, हंसा बेरा, आदि उपस्थित रहे.

## ओलंपिक दिवस पर खेल व चित्रांकन प्रतियोगिताएं



**जमशेदपुर।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस 2024 के अवसर पर जिला खेल शाखा की ओर से शहर में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. जिसमें हैंडबॉल, वॉलीबॉल, एनसिएंट तथा मॉडर्न खेल पर आधारित प्रश्नोत्तरी और चित्रांकन प्रतियोगिताएं शामिल हैं. रामदास भट्टा बिष्टुपुर स्थित हैंडबॉल डे बोर्डिंग सेंटर में हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें 9 टीमों ने भाग लिया. जिसमें बालक एवं बालिका वर्ग में सेंट मेरिज स्कूल की टीम विजेता रही. वहीं दूसरी ओर डे बोर्डिंग वॉलीबॉल केंद्र कदमा में वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजन किया गया. जिसमें कुल 8 टीमों ने भाग लिया. बालक वर्ग में यंग ब्वायज क्लब की टीम विजयी रही. जबकि बालिका वर्ग में डे बोर्डिंग टीम ग्रीनहाउस विजेता बनी.

## बदहाल सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे से दुर्घटनाओं का खतरा



**बहरागोड़ा ।** प्रखंड अंतर्गत ताढ़ूआ से ब्रामणकुंडी जाने वाली पांच किलोमीटर मुख्य सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं. ये गड्ढे दुर्घटना को आमंत्रण दे रहे हैं. इस सड़क पर बने इन गड्ढों के कारण कई बार वाहन चालक दुर्घटना के शिकार भी हो चुके हैं.वहीं ब्रामणकुंडी वासियों ने सड़क मरम्मत को लेकर कई बार प्रशासन को लिखित आवेदन दिया. इसके बावजूद सड़क पर बने गड्ढे नहीं भरा गया है.इसको लेकर ताढ़ूआ व ब्रामणकुंडी के लोगों में आक्रोश का माहौल है.भाजपा नेता शामल माईती भी सड़क मरम्मत को लेकर जमशेदपुर उपायुक्त को ध्यान आकर्षित कराते हुए मांग की कि जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत की जाए, ताकि भविष्य में वाहन चालक दुर्घटना के शिकार न बनें. इसी सड़क से होकर हर रोज बच्चे स्कूल आते जाते हैं.

## कांड्रा पुलिस ने नशे के विरुद्ध चलाया अभियान



**आदित्यपुर ।** कांड्रा पुलिस ने रविवार को नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान “हैलो जिन्दगी” चलाया. 19 जून से 26 जून तक अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के तहत सरायकेला जिला पुलिस जिले भर में नशा मुक्ति जागरुकता अभियान चला रही है. इसी कड़ी में सोमवार को कांड्रा थाना क्षेत्र में नशा के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया. आज सरायकेला एसपी मनीष टोप्पो के निर्देश पर थाना प्रभारी अंजनी कुमार के नेतृत्व में कांड्रा थाना के पुलिस पदाधिकारी ने रोड मार्च निकालकर आम लोगों को नशे से होने वाले हानियों के बारे में जानकारी दी गई. अभियान के बाद नशे में संलिप्त पाए जाने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई की तैयारी है.

## साथी की पिटाई से भड़के ऑटो चालक, प्रदर्शन



**जमशेदपुर ।** टाटानगर रेलवे स्टेशन के बाहर ड्रॉपिंग लाइन में सोमवार सुबह आरपीएफ जवान ने एक ऑटो चालक की पिटाई कर दी. इसके बाद मामले में गुस्साए ऑटो चालकों ने आरपीएएफ पोस्ट के बाहर प्रदर्शन किया. चालक आरपीएफ जवान बबलू कुमार बिंदु के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग कर रहे थे. पीड़ित ऑटो चालक भुवर तिवारी ने कहा वे ड्रॉपिंग लाइन में वे यात्रियों को लेने गए थे तभी जवान बबलू कुमार बिंदु द्वारा बेवजह उनकी पिटाई की गई. उनके साथ गाली गलौज करते हुए अभद्र व्यवहार किया गया. इतना ही नहीं उनका मोबाइल भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त किया गया. जानकारी मिलते ही सभी ऑटो चालक टाटानगर आरपीएफ पोस्ट पहुंचे और घेराव कर जवान पर कार्रवाई करने की मांग करने लगे.

## पटमदा डिग्री कॉलेज में छात्रों की पहली सूची जारी

**जमशेदपुर ।** पटमदा के जल्ला में स्थित डिग्री कॉलेज में विभिन्न विषयों में नामांकन के लिए सोमवार को पहली मेरिट लिस्ट जारी हुई. पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला में सोमवार को कॉलेज के सचिव चंद्रशेखर टुडू और प्राचार्य डॉ सुमंत कुमार सेन ने स्नातक के कला और विज्ञान संकाय के विभिन्न विषयों में नामांकन के लिए कुल 370 विद्यार्थियों की पहली मेरिट सूची जारी की.

इस सूची में हिन्दी के 67, अंग्रेजी के 28, बंगाला के 21, संथाली 34, कुड़माली के 07,अर्थशास्त्री के 08, भूगोल के 53, इतिहास के 70, राजनीति विज्ञान के 34, समाजशास्त्र के 10, मनोविज्ञान के 07, विज्ञान संकाय में रसायन विज्ञान के 03, गणित के 05, वनस्पति विज्ञान के 02 और जंतु विज्ञान के 21 विद्यार्थियों के नाम हैं. विद्यार्थियों को कॉलेज के सचिव चंद्रशेखर टुडू और प्राचार्य डॉ सुमंत ने शुभकामनाएं दीं.

### केवी मेघाहातुबुरु में बाल वाटिका एवं वर्ग एक के बच्चों का प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित

# स्कूल का पहला दिन बच्चों के लिये यादगार : स्टेला सेलबम

संवाददाता । किरीबुरु



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे.



सांस्कृतिक कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावक व बच्चे.

केंद्रीय विद्यालय मेघाहातुबुरु में 24 जून को बाल वाटिका एवं वर्ग एक के बच्चों के लिये प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयरमैन सह मेघाहातुबुरु के सीजीएम आरपी सेलबम, महिला समिति की अध्यक्ष स्टेला सेलबम, प्राचार्य डॉ. आशीष कुमार, उप प्राचार्य रवि शंकर चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया. अतिथियों ने विद्या प्रवेश नामक पुस्तक का विमोचन किया.

चेयरमैन आर पी सेलबम ने कहा कि आज आप तमाम नन्हें बच्चे विश्व के बेहतर शिक्षा संस्थान केन्द्रीय विद्यालय का हिस्सा बन गए हैं. यहां से आपका बेहतर भविष्य व अनुशासन का नींव रखना प्रारंभ हो गया है. मेरा आशीर्वाद आपके साथ है. हम चाहेंगे की यहां से बेहतर शिक्षा पाकर न सिर्फ आप विद्यालय का नाम रौशन करें, बल्कि अपना बेहतर व उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ें.

स्टेला सेलबम ने कहा कि स्कूल का पहला दिन इन बच्चों के लिये यादगार, ऐतिहासिक व अहम है, क्योंकि आज से ही इनकी शिक्षा व्यवस्थित तरीके से प्रारंभ हो रही है. बच्चे कच्ची मिट्टी की तरह होते हैं. इन बच्चों को आज से विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकायें बेहतर तरीके से तराश कर अच्छा मूर्ति बनाने का कार्य करेंगे. आज हम बच्चों के अभिभावकों के चेहरे पर नयी चमक देख रहे हैं, क्योंकि वह अपने-अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिये सपने देखते हैं. केन्द्रीय विद्यालय जैसे सुरक्षित हाथों में नामांकन के साथ उनका सपना साकार होने की तरफ अग्रसर हो गया है. प्राचार्य डा. आशीष कुमार ने कहा कि प्रवेशोत्सव गुरुकुल के 16 संस्कारों में से एक है. आज आप बच्चों का केन्द्रीय विद्यालय में आगमन हुआ है. आप बच्चे यहां से पढ़कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना 2047 तक विकसित भारत बनाने के सपने को साकार करेंगे. भारत सरकार ने 2020 में नयी शिक्षा नीति लाई है. इसमें सबसे ज्यादा प्राइमरी शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है. बाल वाटिका, निपुण भारत से लेकर अन्य बदलाव किये गये हैं. केन्द्रीय विद्यालय पूरे विश्व का सबसे बड़ा चेन ऑफ स्कूल सिस्टम है. 1255 विद्यालय एक साथ, एक ही तरीके से चलते हैं. आज वर्ग एक के 96 तथा बाल वाटिका के 23 बच्चों को ओरियेंटेशन कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षा, अनुशासन, स्कूल के नियम आदि सभी चीजों की जानकारी दी जायेगी. प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में बच्चों को अतिथियों ने शिक्षा से जुड़े उपहार भेंट किया. तमाम बच्चों के लिये शिक्षक-शिक्षिकाओं ने स्वयं अपने हाथों से बनाया कागज का खूबसूरत मुकुट उनके सर पर पहनाया.

स्कूली बच्चों ने शिक्षा से संबंधित गानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी. बच्चों ने सेल्फी स्टैंड में अपने अभिभावकों के साथ सेल्फी लेकर आज का दिन को यादगार बनाया. इस दौरान सैकड़ों अभिभावक व बच्चे मौजूद थे.

## रेशम कृषकों के बीच उपस्कर का वितरण

**चक्रधरपुर ।** चक्रधरपुर के पम्प रोड स्थित अग्र परियोजना केन्द्र कार्यालय में सोमवार को तसर रेशम कृषकों के बीच कीटपालन उपस्कर का वितरण किया गया. मौके पर 20 रेशम कृषकों के बीच गैंता, कुदाल, बाल्टी, बाल्टी, मग, स्प्रेयर मशीन, चूना, ब्लीचिंग पाउडर समेत अन्य सामानों का वितरण किया. साथ ही किसानों को तसर रेशम कीटपालन के बारे में भी जानकारी दी गई.

उपस्कर का वितरण प्रखंड प्रमुख ज्योति सिजुई, पंचायत समिति सदस्य पदमा दोंगो, कोल्हान क्षेत्र के सहायक उद्योग निदेशक रविशंकर प्रसाद, अग्र परियोजना पदाधिकारी प्रदीप महतो ने किया. कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख ज्योति सिजुई ने कहा कि तसर रेशम पालन के जरिये किसान बेहतर आमदनी कर सकते हैं. इसे लेकर समय-समय पर किसानों को निःशुल्क प्रशिक्षण भी दिया जाता है.

## ब्रीफ खबरें

### म्यूजिक एसोसिएशन ने कलाकारों को दी बधाई

**चाईबासा ।** चाईबासा में कोल्हान हो फिल्म एंड म्यूजिक एसोसिएशन द्वारा मधुसूदन बानरा की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक हुई. बैठक में संगठन द्वारा पिछले दिनों जमशेदपुर में आयोजित तीसरे नेशनल हो फिल्म फेस्टिवल में सर्वश्रेष्ठ 'हो' फुल फिल्म 'बर बीते हासा लागिड' और सर्वश्रेष्ठ शॉट हो फिल्म 'दुलड़ तोरांग ओंडो मिसे' को अवार्ड मिलने पर कलाकारों को बधाई दी गई. साथ में सभी कलाकारों को सम्मानित किया गया है. संगठन के सचिव गुरा सिंकु ने कहा कि यह संगठन के लिए यह गौरव की बात है.

### प्रमुख मातेश्वरी जगदम्बा का मना स्मृति दिवस

**चक्रधरपुर ।** चक्रधरपुर के ब्रह्मकुमारिज पाठशाला परिसर में सोमवार को संगठन की पहली प्रशासनिक प्रमुख मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती का 59वां स्मृति दिवस मनाया गया. इस मौके पर मुख्य रुप से भगेरिया फाउंडेशन के समाजसेवी मनोज भगेरिया, महाराष्ट्र नासिक मलय वीना फाउंडेशन के अध्यक्ष सह वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश सिंह उपस्थित हुये. मौके पर समाजसेवी मनोज भगेरिया ने कहा कि ब्रह्मकुमारिज का कार्य हमेशा प्रेरक रहा है. ब्रह्मकुमारिज पाठशाला की संचालिका बीके मानिनि बहन ने मातेश्वरी की जीवनी पर प्रकाश डाला.

### विधायक की अनुशंसा पर मिली ट्राई साइकिल

**जमशेदपुर ।** पोटका विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजीव सरदार की अनुशंसा पर बाल विकास परियोजना कार्यालय से बागबेड़ा पोस्तो नगर निवासी दिव्यांग अंजना देवी एवं कीताडीह निवासी ममता कुमारी को ट्राई साइकिल उपलब्ध कराया गया. इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सुधा वर्मा, अंचल पदाधिकारी मनोज कुमार, सीडीपीओ कार्यालय की पदाधिकारी सुशीला देवी, पुतुल, मुखिया उमा मुंडा, पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता, उप मुखिया संतोष ठाकुर समेत अन्य मौजूद थे. इस दौरान उपस्थित पदाधिकारियों ने दोनों महिलाओं को ट्राई साइकिल पर खुद बैठाया. ट्राई साइकिल पर बैठते ही दोनों के चेहरे खिल गए.

### राजकीय अनुसूचित जनजाति बालक आवासीय विद्यालय के बच्चे परेशान

# छोटानागरा के आवासीय स्कूल भवन की मरम्मत में भारी भ्रष्टाचार



दीवार में पड़ी दरार को भरा जा रहा पुट्टी से (लाल घेरे में).





बिना दरवाजा का शौचालय. दीमक ने खाया दरवाजा का चौखट (नीचे).

- एक वर्ष पहले शुरू हुई थी भवन की मरम्मत का कार्य
- शौचालय में दरवाजा नहीं होने के कारण बच्चे जंगल में जाते हैं शौच के लिए

संवाददाता । किरीबुरु

राजकीय अनुसूचित जनजाति बालक आवासीय विद्यालय, छोटानागरा भवन की मरम्मत कार्य में भारी भ्रष्टाचार व विलम्ब होने से विद्यालय प्रबंधन व बच्चे परेशान हैं. इस विद्यालय के तीन कमरों में मरम्मत के बाद भी वर्षा का पानी का रिसाव हो रहा है. ठेकेदार छत का टूटा प्लास्टर की मरम्मत किये बगैर उसपर पुट्टी लगाकर ढकने का कार्य कर रहा है. लगभग एक वर्ष पहले इस भवन की मरम्मत शुरू हुई थी. आज तक शौचालय का निर्माण पूरा नहीं हुआ है.

शौचालय में दरवाजा नहीं लगाया गया है. इस कारण बच्चे स्कूल से बाहर जंगल में शौच करने जाते हैं. भवन में पड़ी दरारों वाले स्थान का प्लास्टर हटाकर तथा उसे पुनः पलास्टर किये बगैर दरारों पर पुट्टी लगाकर खानापूर्ति की जा रही है. दरवाजा, खिड़की व चौखट भी टूटा गया है. उसे दीमक खाया हुआ है, जिसे बदला नहीं जा रहा है.

### ठेकेदार ने जानकारी देने से किया इनकार

इस संबंध में ठेकेदार राज यादव से सम्पर्क करने पर उसने कार्य का प्राक्कलन, कार्य समाप्ति की तिथि आदि कुछ भी जानकारी देने से इनकार किया. सिर्फ कहा कि यह मेंटेनेंस वर्क है. टूटा हुआ दरवाजा, खिड़की, चौखट को बदलने की बजाय मरम्मत की जायेगी. उल्लेखनीय है कि इस विद्यालय में लगभग 80 गरीब आदिवासी बच्चे रहकर पढ़ते हैं. अगर भवन का प्लास्टर अथवा कोई हिस्सा टूट कर गिरता है तो बच्चों को नुकसान पहुंच सकता है. विधायक सोनाराम सिंकू ने दो दिन पहले इस विद्यालय का निरीक्षण किया था. उन्होंने भारी भ्रष्टाचार देख आक्रोशित होकर मामले को उपायुक्त के सामने रखकर जांच कराने की बात कही थी.

## केयू : 76 विद्यार्थियों को एक ही पेपर में प्रमोट करना चिंता का विषय

**चाईबासा ।** जिला छात्र मोर्चा के अध्यक्ष सनातन पिंगुवा के नेतृत्व में सोमवार को कोल्हान विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक से मुलाकात कर छात्रों की समस्याओं से अवगत कराया. मौके पर मोर्चा अध्यक्ष सनातन पिंगुवा ने कहा कि पीजी हिन्दी विभाग में 76 विद्यार्थियों को एक ही पेपर में प्रमोटेड करना चिंता का विषय है. छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. 76 विद्यार्थियों का करियर अंधकार में है. यूनिवर्सिटी प्रशासन ने दो दिन के अंदर संज्ञान नहीं लिया तो छात्र प्रतिनिधियों के नेतृत्व में यूनिवर्सिटी में तालाबंदी करेंगे.

यूनिवर्सिटी प्रशासन कुलपति एवं कुलसचिव पद 2 साल से खाली है. इसीलिए विश्वविद्यालय प्रशासन अपनी मर्जी के मुताबिक कार्य कर रहा है. छात्रों को छोटे-छोटे काम पर बेवजह दौड़ते और परेशान करते हैं. बहुत जल्द छात्रों की समस्याओं को लेकर विशाल आंदोलन किया जाएगा. पूर्व छात्रसंघ सचिव सुबोध महाकुड़ ने कहा कि यूनिवर्सिटी प्रशासन की लापरवाही की वजह से विद्यार्थी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. कोल्हान विश्वविद्यालय में सबसे ज्यादा ग्रामीण बहुल क्षेत्र से गरीब घर के छात्र-छात्राएं पढ़ने आते हैं. ऐसे विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ करना छात्र प्रतिनिधि कभी बर्दाश्त नहीं करेगा. इसके लिए किसी भी हद तक लड़ने के लिए तैयार हैं.

इस मौके पर सनातन पिंगुवा, सुबोध महाकुड़, पप्पू बारिक, राज रावत, रंगो पूर्ति, संध्या रानी महतो, बिरंगी पूर्ति, प्रीति सिंकु, रितिका दुराज तियु यदि विद्यार्थी मौजूद थे.

# रोजगार के अभाव में पलायन को मजबूर लोग : बिरसा सोय



ग्रामीणों के साथ बैठक कर जानकारी देते बिरसा सोय.

संवाददाता । चाईबासा

आम आदमी पार्टी (आप) के नेता बिरसा सोय ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत खरसावां विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा किया गया. इसमें सुराबेड़ा, पोंडाकाटा, चिरुडीह, गालूडीह, पगारडीह, चाकड़ी, बाईडीह, परलबादी, दुरुसाई, सोनापोस, गितीलता, बड़ाबाम्बो, चाचा पुरनिया, टकुरागुटु, बड़चोम हातु. उलुगुटु. राजाबासा. पांड्रासाली, माड़कोबेड़ा, बोया वादेया, चीरू, सांगाजाटा, थोलको, तितिरबिला आदि गांव शामिल हैं.

बिरसा सोय ने कहा कि कोल्हान प्रमंडल क्षेत्र में सबसे अधिक पलायन कुचाई एवं खुंटपानी प्रखंड से रोजगार के लिए अन्य राज्यों में हुआ है. झारखंड अलग राज्य बनने के 23 वर्षों के बाद भी खरसावां विधानसभा क्षेत्र की जनता को अपने पंचायत क्षेत्र में या विधानसभा क्षेत्र में रोजगार नहीं मिलना चिंता का विषय है.

इस विधानसभा क्षेत्र की जनता अपनी जीविका के लिए खेती पर आश्रित रहती है. उनके खेत में सिंचाई की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण एक साल में सिर्फ एक ही फसल की खेती होती है. ऐसे में उन्हें अपना परिवार चलाने में असमर्थता महसूस होने लगती है. इस कारण वे रोजगार के लिए अन्य राज्यों में पलायन करने को मजबूर हो जाते हैं.

क्षेत्र में रोजगार का साधन उपलब्ध हुआ होता तो खरसावां विस क्षेत्र के बेरोजगारों को रोजगार के लिए अन्य राज्यों में पलायन करने पर मजबूर नहीं होना पड़ता.

### सरकारी स्कूल में नहीं है विषयवार शिक्षक

बिरसा सोय ने कहा कि खरसावां विधानसभा क्षेत्र के एक भी सरकारी स्कूल में विषयवार शिक्षक नहीं हैं. इसके कारण क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का भविष्य खराब हो रहा है. इस पर किसी भी जनप्रतिनिधि का ध्यान नहीं है.

हम अपने वीर शहीदों के अधूरे सपनों को साकार करने की बात तो करते हैं, लेकिन अपने लोगों को अच्छी शिक्षा, अच्छे अस्पताल, फ्री बिजली, स्वच्छ पेयजल देने में 23 साल भी कम पड़ गया है. ऐसे में क्षेत्र की आम जनता को अपना हक एवं अधिकार लेने के लिए एकजुट होना होगा और अगले चुनाव में सही जनप्रतिनिधि का चयन करना होगा.

## सीबीएसई 12वीं की टॉपर प्रमिति मुखर्जी सम्मानित



**किरीबुरु ।** सीबीएसई 12वीं (आर्ट्स) की परीक्षा में केन्द्रीय विद्यालय, रांची संभाग के तमाम विद्यालयों में टॉपर करने वाली केन्द्रीय विद्यालय मेघाहातुबुरु की छात्रा प्रमिति मुखर्जी को सोमवार को विद्यालय प्रबंधन ने सम्मानित किया.

विद्यालय के चेयरमैन आर पी सेलबम, महिला समिति की अध्यक्ष स्टेला सेलबम, प्राचार्य डा. आशीष कुमार, उप प्राचार्य रविशंकर चौधरी आदि ने उक्त छात्रा व उनके अभिभावक को विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर पूरा सम्मान देते हुये उनके बेहतर भविष्य की कामना की. प्रमिति मुखर्जी 12वीं आर्ट्स की परीक्षा में 94.8 फीसदी अंक पाकर केन्द्रीय विद्यालय के पूरे रांची संभाग की स्कूलों में टॉपर रही.

# श्मशान घाट के समीप कचरा डंप करने से नाराजगी

### गिरिराज सेना ने चेताया, कचरा डंप करना नगर परिषद बंद करे अन्यथा करेंगे आंदोलन

संवाददाता । चक्रधरपुर



श्मशानघाट के समीप कचरा फेंके जाने पर नाराजगी व्यक्त करते ग्रामीण.

शहर के वार्ड संख्या दो के कुदलीबाड़ी स्थित श्माशान घाट के समीप नगर परिषद द्वारा कचरा डंप किया जा रहा है. इस पर सोमवार को गिरिराज सेना के सदस्यों ने नाराजगी जतायी. बताया जाता है कि कुदलीबाड़ी स्थित श्मशान घाट के समीप सोमवार को किये गये कचरा डंप स्थान पर किसी ने आग लगा दी. इससे दुर्गंध के साथ तेज धुआं उठने लगा. स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत गिरिराज सेना के संरक्षक स्व. कमलदेव गिरि के बड़े भाई उमाशंकर गिरि से की.

सूचना मिलने पर उमाशंकर गिरि गिरिराज सेना के अन्य सदस्यों के साथ श्मशान घाट पहुंचे और नगर परिषद द्वारा कचरा फेंके जाने पर रोष जताते हुये कचरा गाड़ी को उक्त स्थान पर कचरा डंप करने से रोक दिया. मौके पर उमाशंकर गिरि ने कहा कि तीन साल पूर्व छोटे भाई कमलदेव गिरि जब जीवित थे, उस वक्त स्थानीय लोगों की शिकायत पर गिरिराज सेना के सदस्यों ने श्मशान घाट के आसपास साफ-सफाई करते हुये कचरा डंप करने से रोक लगाने की बात कही थी.

इस पर अधिकारियों ने दूसरी जगह चयन के लिए तीन-चार महीने का समय मांगा था, लेकिन भाई की हत्या के बाद से इस ओर ध्यान नहीं दिया गया और लगातार नगर परिषद श्मशान घाट के समीप कचरा डंप कर रही है. इससे स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है. मौके पर गिरिराज सेना के प्रमुख उमाशंकर गिरि ने कहा कि पिछले कई महीनों से नगर परिषद द्वारा संचालित शौचालयों की साफ-सफाई नहीं हुई है. इसे लेकर प्रत्येक महीना नरेश मिश्रा नामक व्यक्ति को 10 शौचालय की साफ-सफाई व मेंटेनेंस के लिए नगर परिषद द्वारा 19 हजार रुपये दिये जाते हैं. इसके बावजूद भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है. उन्होंने कहा कि मामले की शिकायत वरीय अधिकारियों से की जाएगी.

### श्मशान घाट जाने वालों को होती है परेशानी

वहीं श्मशान घाट में शव का अंतिम संस्कार करने के लिए आने वाले लोगों को भी कचरों के अंबार से उठने वाले दुर्गंध से लोगों को दिक्कतें उठानी पड़ती है. आलम यह रहता है कि श्मशान घाट परिसर में थोड़ी देर कोई व्यक्ति बैठ नहीं सकता है. उन्होंने कहा कि श्मशान घाट में पानी, बिजली, पंखा इत्यादि की भी व्यवस्था नहीं है. अगर जल्द ही इस समस्या पर विभाग के अधिकारी ध्यान नहीं देते हैं तो गिरिराज सेना आंदोलन करेगी. इस मौके पर स्थानीय लोगों के साथ गिरिराज सेना के सदस्य मौजूद थे.

## न्यूज अपडेट

### किरीबुरु ने जगन्नाथपुर को हरा प्रतियोगिता जीती



**किरीबुरु ।** किरीबुरु ने जगन्नाथपुर को पराजित कर दूसरा जगन्नाथपुर वॉलीबॉल प्रतियोगिता पर कब्जा जमाया. प्रतियोगिता जगन्नाथपुर में आयोजित की गई थी. प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में किरीबुरु ने जगन्नाथपुर को 25-16, 13-25 एवं 25-15 से पराजित किया. बतौर मुख्य अतिथि नवाज हुसैन उर्फ बिरसा ने विजेता को ट्रॉफी प्रदान की. इस दौरान किरीबुरु के खिलाड़ी दुर्गेश कुमार को मैन ऑफ द मैच एवं बेस्ट डिफेंडर, मीत करुवा को बेस्ट लिफ्टर, सौरभ कुमार को बेस्ट ब्लॉकर का पुरस्कार दिया गया. किरीबुरु की तरफ से दुर्गेश कुमार, मीत करुवा, सरफराज, प्रफुल्ल मंडल (टीम मैनेजर) व सूरज सिंह (कोच) शामिल थे.

### गोइलकेरा में "वन स्टेशन, वन प्रोडक्ट" का स्टॉल खुला



**चक्रधरपुर ।** गोइलकेरा रेलवे स्टेशन पर "वन स्टेशन, वन प्रोडक्ट" का स्टॉल खोला गया. रेल मंत्रालय ने भारत सरकार के "वोकल फॉर लोकल" दृष्टिकोण को बढ़ावा देने, स्थानीय व स्वदेशी उत्पादों के लिए बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ओएसओपी योजना की देशभर में शुरुआत की है. स्टॉल के प्रॉपराइटर रवि कुमार गुप्ता ने बताया कि गोइलकेरा के होटल अमर की प्रसिद्ध मिठाई, नमकीन और अन्य तैयार खाद्य सामग्री स्टॉल पर बिक्री के लिए उपलब्ध है. यहां ताजा और गुणवत्तापूर्ण कई तरह की मिठाइयां, नमकीन के अलावा अन्य खाद्य सामग्री मिलेगी. स्टॉल के खुलने से स्टेशन और ट्रेन के यात्रियों को सुविधा होगी.

### परेशानी | कब बनेगी जोजोगुटु-राजाबेड़ा गांव को जोड़ने वाली पुलिया व सड़क, एक साल पूर्व हुआ शिलान्यास

# अब तक पूरी नहीं बनी सड़क, बरसात में टापू बनकर रह जाता है राजाबेड़ा गांव

संवाददाता । किरीबुरू



अधूरा कार्य स्थल को दिखाते ग्रामीण तथा मुंशी.



एक साल पूर्व हुआ शिलान्यास पट को दिखाते ग्रामीण तथा मुंशी.

- पूर्व सांसद गीता कोड़ा ने 2023 में की थी शिलान्यास
- काम करने वाले मजदूरों को नहीं मिली मजदूरी

शिलान्यास के लगभग एक साल बाद भी जोजोगुटु से राजाबेड़ा गांव को जोड़ने वाली पुलिया एवं मुंडा जामदेव चाम्पिया के घर से जुहरा सिधु घर तक 400 मीटर पीसीसी सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने से ग्रामीण नाराज हैं. जोजोगुटु गांव के मुंडा कानुराम देवगम, राजाबेड़ा गांव के मुंडा जामदेव चाम्पिया ने बताया कि बरसात में नदी का पानी बढ़ने से राजाबेड़ा गांव का संपर्क अन्य गांवों व शहरों से पूरी तरह कट जाता है एवं गांव एक टापू बनकर रह जाता है.

इसी समस्या के समाधान के लिये जोजोगुटु से राजाबेड़ा के बीच नाला पर पुल और पीसीसी सड़क का निर्माण डीएमएफटी फंड से कराया जा रहा था. इसका शिलान्यास पूर्व सांसद गीता कोड़ा ने बीते वर्ष 14 जुलाई को किया था. लेकिन आज तक सिर्फ गड्ढा खोदने के सिवाय कुछ भी कार्य नहीं हुआ. इससे ग्रामीणों को और परेशानी हो रही है. गड्ढा खोदने में लगे मजदूरों को ठेकेदार ने अब तक पैसा भी नहीं दिया है.

काम की देखरेख करने वाले मुंशी सोमा चाम्पिया (राजाबेड़ा) ने कहा कि हमारे अधीन लगभग 35 मजदूरों ने वर्ष 2023 में कार्य प्रारम्भ होने के बाद लगभग 14 दिन काम किया, लेकिन किसी भी मजदूर को एक रुपया भी नहीं मिला. चौकीदारों को भी महीनों भर काम करने के एवज में एक पैसा नहीं मिला. पूजा के लिये हम अपना बकरा दिये थे लेकिन उसका भी दो हजार रुपये नहीं दिया. पैसा मांगने पर ठेकेदार गाली देता है कि क्यों फोन करते हो, क्या हम पैसा नहीं देंगे, भाग जायेंगे!

छोटानागरा पंचायत की मुखिया मुन्नी देवगम, जोजोगुटु मुंडा कानुराम देवगम एवं राजाबेडा. मुंडा जामदेव चाम्पिया ने कहा कि हमारे पास भी मजदूर पैसा के लिये आते हैं. हम ठेकेदार से संपर्क करने की कोशिश करते हैं लेकिन संपर्क नहीं हो पा रहा है. जानकारी मिली है कि मजदूरों का लगभग लगभग 25 दिनों का मजदूरी का पैसा का भुगतान ठेकेदार ने नहीं किया है.

सरकार इस पुलिया व सड़क का निर्माण जल्द कराये, मजदूरों का बकाया पैसा का भुगतान जल्द कराये अन्यथा वह आंदोलन को बाध्य होंगे.

### अनुमंडल कार्यालय के पास दो पीसीसी सड़क का शिलान्यास



**चक्रधरपुर ।** चक्रधरपुर के अनुमंडल कार्यालय के समीप सोमवार को दो पीसीसी सड़क का शिलान्यास किया गया. सड़क का शिलान्यास जिला परिषद सदस्य मीना जोंको, विधायक प्रतिनिधि पीरु हेम्ब्रम, आसनतलिया पंचायत की मुखिया कैरी बोदरा तथा गोपीनाथुपर पंचायत की मुखिया सेलाय मुंडा ने विधिवत पूजा अर्चना कर व नारियल फोड़कर किया. इसके तहत चक्रधरपुर प्रखंड के बुरुनलिता में कुदापी टोला से मदन लाल डांगिल के घर से बाबूलाल के घर तक 330 मीटर तथा रांची मुख्य पथ से जोगेन मुंडा के घर तक 360 मीटर पीसीसी सड़क का निर्माण किया जाएगा.

राहुल-पूजा हत्याकांड में संलिप्त सभी आरोपियों की गिरफ्तारी तक आंदोलन जारी रखने की घोषणा

## विकास सोनी की गिरफ्तारी व सीबीआई जांच की मांग को लेकर सड़क पर उतरे ग्रामीण

संवाददाता । हजारीबाग

इचाक के कोचिंग संचालक दंपति राहुल व पूजा हत्याकांड में बाप बेटे समेत छह लोग गिरफ्तार हो चुके हैं. हत्याकांड में शामिल ईश्वर मेहता के वाहन चालक विकास सोनी को पुलिस ने छोड़ दिया. विकास सोनी को छोड़े जाने, हत्याकांड में संलिप्त सभी दोषियों को समान सजा, हत्याकांड की जांच सीबीआई से कराने को लेकर सोमवार को कुरहा गांव के हज़ारों महिला पुरुष सड़क पर उतरे. ग्रामीणों ने इचाक बाजार में कैंडल मार्च निकाल कर पूजा व राहुल की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर बाकी


ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर किया विरोध.

संलिप्त सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की. ग्रामीणों ने पुलिस पर चालक विकास सोनी को छोड़े जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि विकास सोनी हत्या से पूर्व दो लाख रुपये ईश्वर मेहता के घर से लाये थे. इस बात की पुष्टि ईश्वर मेहता की पत्नी ने भी है. इस हत्याकांड के खुलासे के क्रम में पहली गिरफ्तारी विकास सोनी की हुई थी. उसी की निशानदेही पर बाकी छह आरोपी गिरफ्तार हुए हैं. ग्रामीणों ने बताया कि ईश्वर मेहता का सबसे करीबी माने जाने वाला चालक विकास सोनी के शरीर पर बहुत सारे जख्म हैं, जो राहुल-पूजा हत्याकांड के दौरान के बताये जा रहे हैं. ग्रामीणों ने यह भी कहा कि हत्या से पूर्व शमशान घाट में लकड़ी पहुंचाने में भी विकास सोनी का सबसे बड़ा योगदान है. ऐसे में उसे किस आधार पर छोड़ा गया. ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर विकास सोनी को गिरफ्तार करो, पुलिस की मनमानी नही चलेगी, दोषियों को फांसी दो, मामले की जांच सीबीआई से हो इत्यादि नारों के साथ कैंडल मार्च निकाला. वहीं कुरहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राकेश मेहता ने कहा कि यह हमारी पंचायत में सबसे बड़ी घटित घटना है. विकास सोनी के बारे में पुलिस अधीक्षक अरविंद सिंह द्वारा भूमिका नहीं बताए जाने को लेकर ग्रामीण बहुत गुस्से में हैं. अगर मामले की जांच सीबीआई से नहीं कराई जाती है तो 24 घंटे के बाद संपूर्ण इचाक बंद रहेगा. साथ ही एनएच-33 पर विरोध किया जाएगा. वहीं आदर्श युवा संगठन के युवा नेता गौतम कुमार ने हत्याकांड में संलिप्त सभी आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने व मामले की जांच सीबीआई को सौंपे जाने तक आंदोलन को जारी रखने की बात कही.

## रजरप्पा मंदिर आनेवाले श्रद्धालुओं को होगी सुविधा

संवाददाता । रामगढ़

- यात्री वाहनों को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मां छिन्नमस्तिका सिद्ध पीठ रजरप्पा मंदिर चितरपुर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं के मद्देनजर सोमवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामगढ़ आलोक कुमार दुबे द्वारा व्यवहार न्यायालय परिसर से दो यात्री वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया. वर्तमान में रजरप्पा मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को सड़क मार्ग से मंदिर तक पहुंचने के लिए रामगढ़ शहर अंतर्गत ट्रैक्टर स्टैंड से रजरप्पा मंदिर तक नियमित वाहनों का संचालन किया जाता है. वहीं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामगढ़ द्वारा सांकेतिक रूप से दो यात्री वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किए जाने के उपरांत एक वाहन का संचालन रामगढ़ शहर अंतर्गत बस स्टैंड रामगढ़ से रजरप्पा मंदिर तक एवं एक वाहन का संचालन बरकाकाना रेलवे स्टेशन रामगढ़ से रजरप्पा मंदिर तक निर्धारित दर पर प्रातः 5:00 से शाम 6:00 के बीच किया जाएगा. मौके पर प्रधान कुटुंब न्यायाधीश लोलार्क दुबे, उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो, एडीजे टू कुसुम कुमारी, सीजेएम मनोज कुमार, एसीजेएम संदीप कुमार, डालसा सेक्रेटरी अनिल कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स सहित अन्य उपस्थित थे.

### ब्रीफ खबरें

#### मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य आज से शुरू होगा

**केरेडारी।** लोकसभा चुनाव के दौरान संज्ञान में आई त्रृटियों के निराकरण और आगामी विधानसभा चुनाव में स्वच्छ मतदाता सूची के साथ शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए एक जुलाई को अर्हता तिथि मानते हुए द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य 25 जून से किया जाना है. इस कार्य को पारदर्शिता, स्वच्छता के साथ बीएलओ और पर्यवेक्षक के सहयोग से किया जायेगा. इसके लिए सोमवार को प्रखंड सभागार में बीएलओ और पर्यवेक्षक के साथ बैठक कर सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल के द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई. बैठक में सभी बीएलओ और पर्यवेक्षक उपस्थित थे.

#### नशे को लेकर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**रामगढ़।** जिले में नशीले पदार्थों के उपयोग और उसके रोकथाम के लिए राधा गोविंद विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं के बीच निबंध एवं विच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग झारखंड सरकार द्वारा निर्देशित 19 जून से 25 जून तक मादक पदार्थों को रोकने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाना है. इसके तहत राधा गोविंद विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा निबंध एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस प्रतियोगिता में स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. क्विज प्रतियोगिता में पांच टीम ए (दामोदर), टीम बी (भैरवी), टीम सी (नालकारी) टीम डी (स्वर्णरेखा) एवं टीम ई (शंख) बनाए गए थे.

#### टीओपी के पास चोरों ने तोड़ दिया चार दुकानें

**रामगढ़।** रामगढ़ शहर के सुभाष चौक के समीप टीओपी के सामने ही चोरों ने चार दुकानों का ताला तोड़ दिया. पुलिस मूकदर्शक बनी रही और लाखों रुपए की संपत्ति चोर उड़ा कर ले गए. साथ ही लोहार टोला में एक दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया. रविवार की रात्रि में चोरों ने लोहार टोला के बालाजी हनुमान मंदिर के बगल में विश्वकर्मा फैशन हब का ताला तोड़ कर कांउटर से 4 हजार नकद सहित हजारों रुपए के सामानों की चोरी कर ली. दुकान के संचालक आदर्श विश्वकर्मा पिता बद्री विश्वकर्मा ने बताया कि रोजाना की तरह दुकान बंद की थी. सुबह दुकान का ताला टूटा पाया गया. दुकान में सामान बिखरा पड़ा था और चोर ताला तोड़ने का औजार छोड़ कर भागे है.

दुकानदारों ने पुलिस से कहा-शहर में महिला चोर सक्रिय

## जेवर दुकान में चोरी करती तीन महिलाएं पकड़ी गईं


थाना में आवेदन देते स्वर्णकार समाज के लोग.

संवाददाता । हजारीबाग

- तीन दिन पहले भी दो महिला नकली चेन दिखाकर असली चेन ले गई थी

शहर के लोहसिगना थाना क्षेत्र के सेठ मोहल्ला स्थित भागमणि ज्वेलर्स में सोमवार को जेवर चोरी करती तीन महिलाओं को आसपास के दुकानदारों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया. पकड़ी गई महिला की पहचान मुमताज बेगम, सजना बीवी और मरियम रूप में हुई है. तीनों महिलाएं कोलकाता काली जोर थाना की रहने वाली हैं. इस संबंध में जेवर दुकान के संचालक ओमप्रकाश ने बताया कि तीन महिलाएं दुकान पर आईं और अंगूठी, हाथ का कड़ा दिखाने के लिए बोलीं, जो उन्हें दिखाया गया. इसी दौरान एक महिला ने हाथ का कड़ा चुरा कर रख लिया. इसके बाद तीनों से पूछताछ की गई, लेकिन महिलाओं ने उल्टा छेड़छाड़ का आरोप लगाकर फंसाने की बात कहने लगी. इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई. पुलिस तीनों महिलाओं को अपने साथ ले गई. उन्होंने यह भी कहा कि इन दिनों शहर में महिला चोर गिरोह सक्रिय है. यह पहली घटना नहीं है, बल्कि तीन दिन पहले भी कुछ ऐसा ही हुआ था. दो महिला आई थी और नकली चेन दिखाकर असली चेन ले गई थी. वहीं कई दुकानदारों ने यह भी बताया कि हजारीबाग शहर में ओडिशा और बंगाल से दर्जनों महिलाएं हजारीबाग में रहती हैं और सेठ साहूकार एवं व्यापारियों को ब्लैकमेल करती हैं. उन्होंने यह भी कहा अब ये महिलाएं इतनी सक्रिय हो गई हैं कि वे भू माफियाओं को भी साथ देती हैं. अगर कोई भूमाफिया जमीन हड़प्पा है तो वह इन्ही महिलाओं का इस्तेमाल करते हैं. उन्हें किराए पर लाते हैं और फिर जमीन मालिक के साथ मारपीट एवं फंसा देने की बात कर जमीन हड़प लेते हैं. इसके लिए महिलाएं मोटी रकम लेती हैं. दुकानदारों का यह भी कहना था कि यह लड़ाई हमारी नहीं, बल्कि पूरे स्वर्णकार समाज की है. इस लड़ाई में हम स्वर्णकार समाज के सभी लोग मिलकर लड़ेंगे. वहीं इस संबंध में स्वर्णकार समाज ने थाने में आवेदन देकर ऐसी महिलाओं को चिन्हित कर कड़ी से कड़ी सजा देने की बात कही है.

## वन विभाग की जमीन पर श्रीराम पावर प्लांट का कब्जा

संवाददाता । रामगढ़

जिले में सरकारी जमीन पर कब्जा करने की बात कोई नई नहीं है. यहां आए दिन जमीन पर कब्जा का खेल चलता रहता है. जमीन चाहे गैर मजरूआ हो या वन विभाग की, मिलीभगत कर प्लांट विस्तारीकरण के नाम पर इसे अपने कब्जे में ले लिया जाता है. ताजा मामला श्री राम पावर प्लांट का है, जिसने लगभग पचास डिसमिल वन विभाग की जमीन पर अपने प्लांट के विस्तारीकरण के नाम पर कब्जा कर रखा है. इसको लेकर वन विभाग कोर्ट में मामला चल रहा है. जानकारी के अनुसार श्रीराम पावर प्लांट ने वन विभाग की 50 डिसमिल जमीन पर कब्जा किया है. ऐसा मामला सिर्फ एक नहीं, बल्कि जिले के कई प्लांट सरकारी जमीन पर विस्तारीकरण के नाम पर कब्जा किए हुए हैं. श्री राम पावर प्लांट ने पचास डिसमिल जमीन पर कब्जा कर उसमें बाउंड्री वॉल खड़ा कर दी है और यह मामला वन विभाग कोर्ट में चल रहा है.

**क्या कहते हैं डीएफओ :** इस संबंध में रामगढ़ डीएफओ नीतीश कुमार कहते हैं कि श्री राम पावर प्लांट द्वारा वन विभाग की जमीन पर बाउंड्री वॉल खड़ा करने के संबंध में भारतीय वन अधिनियम के तहत केस चल रहा है. एंकोचमेंट हटाने की पहल की जा रही है. उन्हें दो से तीन महीने का समय दिया गया था. अगर इसके बाद भी जमीन से कब्जा नहीं हटाया जाता है, तो बलपूर्वक कब्जा हटाया जाएगा.

## मनीष जायसवाल ने लोकसभा सदस्य के रूप में ली शपथ

संवाददाता । हजारीबाग



18वीं लोकसभा में सांसदों की शपथ लोकसभा के प्रथम सत्र के शुरुआती दिन सोमवार को हुई, जिसमें सबसे पहले पीएम मोदी और फिर उनके मंत्रिमंडल में शामिल लोकसभा सदस्यों ने शपथ ली. इसके बाद अलग-अलग राज्यों के सांसदों ने शपथ ली. शपथ ग्रहण के दौरान झारखंड राज्य के हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल अपने सादगी और साफगोईपूर्ण अंदाज में नज़र आए. हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से पहली बार भाजपा के टिकट से चुनाव जीतकर निर्वाचित हुए सांसद मनीष जायसवाल ने अपने शपथ की शुरुआत मैं "मनीष ब्रजकिशोर जायसवाल" ईश्वर की शपथ लेता हूं..." से की. उन्होंने अपने नाम के साथ अपने आदर्श पिता ब्रजकिशोर जायसवाल का नाम लेकर उनका सम्मान बढ़ाया. शपथ लेने के बाद सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि हजारीबाग की जनता ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करूंगा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में "विकसित और सशक्त हजारीबाग" के विजन को साकार बनाने के लिए कटिबद्ध रहूंगा.

शिविर 24 जून से 3 जुलाई तक राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान कोडरमा में आयोजित हो रहा

## संत कोलंबस कॉलेज के कैडेटों रिपब्लिक डे कैंप में चयन

संवाददाता । हजारीबाग

संत कोलंबस कॉलेज के 13 एनसीसी कैडेटों का गणतंत्र दिवस परेड शिविर के पहले चरण हेतु चयन हुआ है. इस शिविर में हजारीबाग ग्रुप कुल 400 कैडेट्स ने भाग ले रहे हैं, जिनमें अच्छे कैडेटों का चयन आगे के चरणों के लिए होगा. बताते चलें कि हर वर्ष एनसीसी 1948 से रिपब्लिक डे कैंप परेड में हिस्सा लेता रहा है, जिसकी तैयारी हर डायरेक्टरेट छह माह पूर्व ही शुरू करता है. कैडेट्स इस दौरान ड्रिल, कल्चरल की तैयारी करके दिल्ली परेड में हिस्सा लेते हैं. कैडेट्स इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग


रिपब्लिक डे कैंप के लिए चयनित कैडेटस.

लेंगे. मसलन कर्तव्य पथ, पीएम रैली, बेस्ट कैडेट, कल्चरल इत्यादि. यह शिविर 24 जून से 3 जुलाई तक राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थान कोडरमा में आयोजित किया जा रहा है. इस कैंप के लिए सीनियर अंडर ऑफिसर कुशल कुमार और कॉरपोरल दीपा कुमारी का चयन गार्ड ऑफ ऑनर, कैडेट बहलेन नाग, रूपाली शाहिस्ता, शिम्पी, प्रतिभा का चयन कर्तव्यपथ परेड के लिए, दुर्गा, साजन कुमार का चयन पीएम रैली, एवं सोनी कुमारी का चयन बेस्ट कैडेट तथा साक्षी एवं परी गुप्ता का कल्चरल के लिए हुआ है. इस अवसर पर कंपनी कमांडर ले. डॉ. एसके पांडे ने कैडेट्स का उत्साह बढ़ाया. कहा कि यह हमारे लिए बहुत ही गर्व की बात है. शिविर के दौरान हमारे कैडेट्स ग्रुप की टीम में चयन के लिए जा रहे हैं. उन्होंने कैडेटों को आगामी कैंप के लिए शुभकामनाएं दी. साथ ही स्वास्थ्य का ध्यान रखने की सलाह दी. इस दौरान सभी कैडेट्स जोश में दिखाई दे रहे थे. कैडेटों ने बताया कि इस प्रतिष्ठित कैंप के लिए कैडेटों ने जी तोड़ मेहनत की है, जिनका फल उन्हें मिला है. कैडेट्स अपने महाविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए रवाना हुए.

ग्राम स्वराज यात्रा होनहे व सिकनी पंचायत पहुंची

## पंचायती राज सशक्त बने इसके लिए लोगों का होना जागरूक : शांतनु

संवाददाता । रामगढ़

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की ग्राम स्वराज यात्रा शांतनु मिश्रा के नेतृत्व में छठे दिन कुल्ही पंचायत भवन दुलमी प्रखंड से शुरू हुई. होनहे पंचायत के खतरीमारा, बोंगा सौरी गढ़ा पार, होनहे, वीर होनहे सिकनी पंचायत के होहद एवं सीकनी गांव में जनसंपर्क किया गया. राजीव गांधी पंचायती राज के प्रदेश उपाध्यक्ष ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि पंचायती राज को सशक्त बनाने और सत्ता के विकेंद्रीकरण के उद्देश्य से यह यात्रा 21 दिन के लिए रामगढ़ विधानसभा में निकाली गई यह यात्रा गांव गांव जाकर लोगों को पंचायती राज के अधिकार और लाभ के बारे में बता रही है, सजग कर रही है. यह यात्रा 19 तारीख से सुभाष चौक रामगढ़ से


शांतनु मिश्रा ने चलाया जनसंपर्क अभियान.

शुरू होकर दोहा कातू पंचायत होते हुए रात्रि विश्राम सोस पंचायत भवन पर किया और यात्रा सुबह से रामगढ़ विधानसभा की दुलमी पंचायत से दौरे पर निकल गई. यात्रा में मुख्य रूप से रामगढ़ नगर अध्यक्ष बलराम साहू, प्रकाश करमाली आरिफ, पूर्व युवा प्रदेश महासचिव धीरेंद्र सिंह, जय कुमार अग्रवाल, मो आरिफ, मो युसूफ, सिंघोली नायक, विवेक नायक, सराफत असलम गफ्फार, अरविंद पटेल, मो जियाउल असरफ अली, अजय करमाली, लिलेश्वर महतो, सपूत महतो, प्रेम प्रकाश गुप्ता, बिनोद महतो, सुनील महतो, विवेक प्रजापति, यूसुफ, अलीम, मुजाहिद, रामगढ़ ग्रामीण दिगंबर गुप्ता, डुलमी प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश करमाली, संदीप सिंह, मदन नायक, कपूर करमाली, निर्मल बेदिया, राम प्रसाद, नीतीश, गुलाम अली सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे.

#### बैंक ऑफ इंडिया बीसी संघ चौपारण इकाई का पुनर्गठन

**चौपारण।** प्रखंड के स्थानीय शिव मंदिर के प्रांगण में रविवार को बैंक ऑफ इंडिया बीसी संघ चौपारण इकाई की बैठक आयोजित हुई. इसकी अध्यक्षता जगन्नाथ राम ने की. बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा की गई और सर्वसम्मति से बैंक ऑफ इंडिया बीसी संघ प्रखंड चौपारण इकाई का पुनर्गठन किया गया. इसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष जगन्नाथ राम, उपाध्यक्ष चंदन कुमार यादव, सचिव राधेश्याम दांगी, उपसचिव गुड़िया कुशवाहा, कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार, उपकोषाध्यक्ष मुकेश कुमार नायक, संरक्षक नागेंद्र कुमार, सह संरक्षक मिथिलेश कुमार, अन्य सदस्य में मिथिलेश कुमार, राजमोहन सिंह, ब्रजेश कुमार, सोनी कुमारी, विष्णु महतो, शंभू प्रसाद स्वर्णकार, प्रखर मयूर, अजीत कुमार, संजीत कुमार दांगी, आशीष कुमार सिन्हा, विनोद साव, अरिनंदम कुमार सिंह, दीपक कुमार भुइयां चुने गए. वहीं बीएलबीसी में बीसी संघ के दो सदस्यों को सम्मिलित करने का प्रस्ताव लाया गया.

सेवा सहयोग समिति निस्वार्थ भाव से लगातार सेवा कर रही : हर्ष अजमेरा

## नि:शुल्क स्वा. शिविर का लोगों ने उठाया लाभ

संवाददाता । हजारीबाग

सामाजिक सेवा में एक अलग पहचान स्थापित करने को लेकर सेवा सहयोग समिति जनता की हर समस्या का तत्काल हल करने का प्रयास कर रही है. समिति की ओर से डेढ़ सौ से भी अधिक चापाकल मरम्मत एवं नए चापाकल को लगाये गये हैं. इतना ही नहीं, समिति द्वारा बेटियों के विवाह में शादी का जोड़ा भी उपहार स्वरूप भेंट किया जा रहा है. इसी क्रम में सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड के पंचायत भवन कुसुभा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन मुखिया कल्लू राम, वार्ड सदस्य धुपलाल यादव, वार्ड सदस्य संतोष यादव, वार्ड सदस्य सीमा कुमारी, वार्ड सदस्य जितनी देवी, वार्ड सदस्य मोहन तूरी, इंदु कुमारी, साबिया देवी, सुनिल कुमार यादव, गीता बाडो, सलोनी इक्का, अनिल कुमार भोक्ता, विकास कुशवाहा, विकास यादव, सुनील कुमार पांडेय, सुनीता कुमारी, कंचन देवी ने किया.


शिविर में उपस्थित लोग.

- समिति की ओर से डेढ़ सौ से भी अधिक चापाकल लगाये गये
- कई मरीजों को निशुल्क दवाइयां दी गईं

शिविर सुबह 10:00 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर करीब दो बजे तक निरंतर रूप से चलता रहा. इसका महिलाओं एवं बुजुर्गों ने लाभ उठाया.

शिविर में जिले के सुप्रसिद्ध जनरल फिजिशियन द्वारा लोगों की जांच की गई. वही नेत्र रोग के रूप में सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ ने बेहतर सलाह के साथ मरीजों की जांच की. कई मरीजों को निशुल्क दवाइयां दी गईं. साथ में बीपी, शुगर, पल्स एवं वजन की जांच की गई. मौसम को देखते हुए कार्यक्रम स्थल पर बेहतर सुविधा उपलब्ध थी. बता दें कि सेवा सहयोग समिति द्वारा अब तक आठ पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जा चुका है. मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि सेवा सहयोग समिति द्वारा निस्वार्थ भाव से लगातार सेवा की जा रही है. 30 तारीख तक कटकमदाग प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में शिविर आयोजित किये जाएंगे. इसके उपरांत दारू प्रखंड, कटकमसांडी प्रखंड, सदर प्रखंड में निशुल्क जांच शिविर का आयोजन होगा.

**उपलब्धि** चयनित प्रतिभागी देवघर में खेल सकेंगे स्टेट चैंपियनशिप

## शूटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ 29 को, समापन 30 को

संवाददाता । हजारीबाग

डिस्टिक राइफल एसोसिएशन का गठन और झारखंड शूटिंग एसोसिएशन की ओर से मान्यता के बाद यह बड़ी उपलब्धि है कि हजारीबाग डिस्ट्रिक राइफल एसोसिएशन 29 और 30 जून को हजारीबाग प्रमंडल मुख्यालय में डिस्ट्रिक टूर्नामेंट कराने जा रही है, जिसका समापन 1 जुलाई को पारितोषिक वितरण के साथ होगा. सारे कार्यक्रम एसोसिएशन के फायरिंग रेंज, कर्जन ग्राउंड स्टेडियम में संपत्र होंगे. जानकारी देते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश रंजन ने बताया कि टूर्नामेंट का शुभारंभ 29


प्रेस वार्ता में जानकारी देते अधिकारीगण.

जून की दोपहर डीजीपी अजय कुमार सिंह के कर कमलों से होगा. वे भाग ले रहे खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ायेंगे. उन्होंने कहा कि खेल को बढ़ावा देने की ओर राज्य सरकार का विशेष ध्यान है. नौकरियों में शूटरों को प्राथमिकता दी जा रही है. डिस्ट्रिक लेबल पर अच्छे खिलाड़ी प्रदर्शन के आधार पर आयेंगे तो वे स्टेट लेबल पर होने वाली प्रतियोगिता में खेलने के लिये अधिकृत होंगे. 1 जुलाई को समापन समारोह में पारितोषिक वितरण मुख्य अतिथि सिमरिया के विधायक किशुन दास और विशिष्ट अतिथि ब्रिगेडियर राजेश करैल हजारीबाग एनसीसी ग्रुप तथा समाजसेवी मुन्ना सिंह के हाथों संपन्न होगा.

**हजारीबाग डिस्ट्रिक राइफल एसोसिएशन की पहल**

हजारीबाग डिस्ट्रिक राइफल एसोसिएशन का अपना 15 मीटर फायरिंग रेंज सदस्यों के सहयोग से निर्मित है, जहां बच्चों को पिछले कई महीनों से प्रशिक्षण, राज्य और राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों द्वारा दिया जा रहा है. राइफल एसोसिएशन के अधीन जिले में दो राइफल क्लब हजारीबाग राइफल क्लब और आकाश शूटिंग क्लब संचालित है. हजारीबाग डिस्ट्रिक राइफल एसोसिएशन ने शिक्षा विभाग के आग्रह पर स्कूली बच्चों की टीम अपने रेंज में तैयार की थी, जिसमें कई लड़के लड़कियों ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में हजारीबाग का नाम रौशन किया. विभावि के अनुरोध पर विवि टीम के बच्चों को दो माह पहले प्रशिक्षित किया था. यह टीम विवि के राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर लौटी. एनसीसी में कई खिलाड़ी हमारे यहां प्रशिक्षण लेते हुए हमारे रेंज का नाम रौशन कर रहे हैं. शूटिंग के हमारे प्रशिक्षक राहुल रविदास, ऋद्धि गुप्ता और तनवीर गोल्ड और सिल्वर मेडल विभिन्न मुकाबलों में जीत चुके हैं और उनसे भी उम्मीद है कि ये नेशनल स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करेंगे.

#### कार को ट्रक ने मारी टक्कर, महिला की मौत

**रामगढ़।** जिले के कुजू ओपी क्षेत्र के फोरलेन सड़क पर दिगवार ओवरब्रिज के निकट कार ट्रक की टक्कर में एक महिला की मौके हो गई. घटना रविवार की देर रात की है, जहां अमृता ठाकुर पति सत्य प्रियदर्शी ठाकुर कार ( बीआर 06 सीजे 7206 ) पर सवार होकर समस्तीपुर से रांची की ओर जा रहे थे. इस दौरान दिगवार ओवरब्रिज के निकट ट्रक (जेएच 02 टी 8597) से कार की जोरदार टक्कर हो गई. घटना में कार में सवार अमृता ठाकुर कार से निकलकर ट्रक के अगले पहिए के नीचे जा गिरी, जिससे ट्रक के पहिए के नीचे दबने से अमृत की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि कर पर सवार अन्य लोग बाल बाल बच गए. घटना की सूचना पाकर सोमवार को पहुंची ओपी पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया.

## मादक द्रव्य के सेवन के विरुद्ध निकाली जागरूकता रैली



संवाददाता । रामगढ़

औषधि निरीक्षक रामगढ़ वीरेंद्र स्वांसी की अध्यक्षता में सोमवार को नारकोटिक्स साइकोट्रोपिक औषधियां एवं मादक द्रव्यों के विरुद्ध जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया. जागरूकता रैली गांधी मेमोरियल प्लस टू स्कूल रामगढ़ से प्रारंभ होते हुए शहर के बीचों बीच सुभाष चौक में जाकर समाप्त हुई. जागरूकता रैली के दौरान औषधि निरीक्षक रामगढ़ के द्वारा नारकोटिक्स साइकॉट्रॉपिक औषधियां एवं मादक द्रव्यों के सेवन एवं उनसे होने वाले हानिकारक नुकसान के बारे में जिलावासियों को स्लोगन के द्वारा जानकारी दी गई. साथ ही इस दौरान उक्त सभी मादक पदार्थों से समाज को बचाने हेतु उचित कदम उठाने की अपील की गई. जागरूकता अभियान रैली में मुख्य रूप से नीलेश गुप्ता, श्रावण कुमार, अभिषेक कुमार, चंदन कुमार, अनूप कुमार, संदीप सहित खुदरा एवं थोक औषधि विक्रेता बड़ी संख्या में हिस्सा लिया.

